इंद्रप्रस्थ पृथ्विजय प्रकाशन

राष्ट्रीय हिन्दी मेल 29 वां वर्ष

सर्वाधिक चर्चित अखबार

डाक पंजीयन मप्र/भोपाल/4-233/2020-22

# राष्ट्रीय हिन्दी मेल

न दबाव, न भेदभाव

आज की अभिव्यक्ति

"छोटे कदम ही बड़ी मंजिल की ओर ले जाते हैं।"

सूर्य उदय 6.18 बजे सुबह | सूर्य अस्त 6.14 बजे शाम

भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर, रायपुर और दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

वर्ष- 23 अंक- 05 | www rashtriyahindimailÐin | इंदौर, बुधवार 1 अक्टूबर 2025 । आश्विन, शुक्ल पक्ष-नवमी 2082 | पृष्ठ-8 मूल्य, पांच रुपये

2  शहर में गरबों की धूम, गरबों का जमने लगा रंग

3  महाअष्टमी पर नगर पूजा: 27 किमी मार्ग पर मदिरा की धार...

5  विजयवर्गीय अनंता के पंडाल में पहुंचे

6  पीएम आवास योजना के तहत स्वीकृत आवास के हतग्राहियों को राशि ...

शारदीय नवरात्री : नवां दिन




## » नेनो बीफ्र

### बिहार : फाइनल वोटर लिस्ट जारी 14 लाख नए मतदाता शामिल

**नई दिल्ली।** बिहार विधानसभा चुनाव 2025 से पहले मंगलवार को चुनाव आयोग ने राज्य की फाइनल वोटर लिस्ट जारी कर दी। यह सूची विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया पूरी होने के बाद प्रकाशित की गई है। फाइनल लिस्ट के साथ ही चुनावी तैयारियां अब तेज हो गई हैं। आयोग के अनुसार, इस बार कुल मतदाताओं की संख्या लगभग 7.3 करोड़ हो गई है। इनमें करीब 14 लाख नए मतदाताओं के नाम जोड़े गए हैं। वहीं करीब 65 लाख नाम हटाए गए हैं। इनमें वे मतदाता शामिल हैं जिनकी मृत्यु हो चुकी थी, जो स्थायी रूप से दूसरी जगह चले गए थे या जिनके पास दोहरी वोटर आईडी थी।

### चेन्नई थर्मल पावर स्टेशन हादसा: गिरा आर्च, 9 मजदूरों की मौत, कई घायल

**चेन्नई।** चेन्नई के एनोर स्थित थर्मल पावर स्टेशन में मंगलवार (30 सितंबर) को बड़ा हादसा हुआ। निर्माणाधीन इमारत में काम कर रहे मजदूरों पर करीब 30 फीट ऊंचाई से एक आर्च गिर पड़ा, जिससे मौके पर ही 9 मजदूरों की मौत हो गई। हादसे में 10 से अधिक मजदूर गंभीर रूप से घायल हुए हैं, जिन्हें नजदीकी अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। आईएएनएस की रिपोर्ट के मुताबिक सभी मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए स्टेनली अस्पताल भेजा गया है। अस्पताल प्रशासन ने बताया कि कई मजदूरों की हालत नाजुक है और उनका आईसीयू में इलाज जारी है। चेन्नई पुलिस कमिश्नरेट ने बताया कि इमारत गिरने का कारण अभी स्पष्ट नहीं है।

### गुना सड़क हादसे में तीन की मौत

**गुना।** जिले के धरनावदा थाना क्षेत्र अंतर्गत रुठियाई बायपास तिराहे पर सोमवार शाम हुए दर्दनाक सड़क हादसे ने पूरे इलाके को गमगीन कर दिया। हादसे में एक ही परिवार की तीन जिंदगियां खत्म हो गईं। मृतकों में मां, भाभी और बेटा शामिल हैं। घटना के बाद पूरे चौड़ाखेड़ी गांव में मातम का माहौल है।

### भाजपा नेता विजय कुमार मल्होत्रा का निधन, पीएम ने जताया दुख

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता, दिल्ली भाजपा के पहले अध्यक्ष और जनसंघ काल से पार्टी की नींव को मजबूत करने वाले प्रोफेसर विजय कुमार



मल्होत्रा का आज सुबह 93 वर्ष की आयु में निधन हो गया। दिल्ली के एम्स अस्पताल में उनका इलाज चल रहा था। सुबह करीब 6 बजे उन्होंने अंतिम सांस ली। उनके निधन से बीजेपी कार्यकर्ताओं और समर्थकों में गहरा शोक है। दिल्ली प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा कि, प्रोफेसर मल्होत्रा का जीवन सादगी और जनसेवा को समर्पित रहा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लिखा- विजय कुमार मल्होत्रा जी एक शानदार नेता थे, जिन्हें जन मुद्दों की गहरी समझ थी।

24 आईएएस अफसरों के तबादले, 12 जिलों के कलेक्टर बदले

# निगम कमिश्नर हरेंद्र अब छिंदवाड़ा कलेक्टर संस्कृति जैन को मिला राजधानी का जिम्मा

## भिंड और डिंडौरी कलेक्टर विवादों के चलत हटाये गये

**राष्ट्रीय हिंदी मेल, भोपाल।**

मध्यप्रदेश सरकार ने मंगलवार को बड़ा प्रशासनिक फेरबदल करते हुए 24 आईएएस अधिकारियों के तबादले किए हैं। इनमें 12 जिलों के कलेक्टर भी शामिल हैं। संस्कृति जैन को भोपाल नगर निगम का नया कमिश्नर बनाया गया है। राज्य शासन द्वारा जारी आदेश के अनुसार पन्ना, सिवनी, पांढुर्णा, मुरैना, डिंडोरी, अलीराजपुर, निवाड़ी, भिंड, सिंगरौली, छिंदवाड़ा, नरसिंहपुर और रतलाम के कलेक्टर बदले गए हैं।

### प्रमुख तबादले

- सुरेश कुमार, जो अब तक पन्ना कलेक्टर थे, उन्हें चंबल संभाग मुरैना में आयुक्त नियुक्त किया गया है।
- संस्कृति जैन को भोपाल नगर निगम का नया कमिश्नर बनाया गया है।
- नीरज कुमार वशिष्ठ को पांढुर्णा का कलेक्टर नियुक्त किया गया है।
- शीलेंद्र सिंह, जो छिंदवाड़ा कलेक्टर के रूप में कार्यरत थे, अब अपर सचिव नगरीय विकास और आवास विभाग की जिम्मेदारी संभालेंगे।
- नेहा मारव्या, जो डिंडौरी में कलेक्टर थीं, को संचालक विमुक्त, घुमंतू और अर्धघुमंतू जनजाति विभाग बनाया गया है।
- संजीव श्रीवास्तव, अब तक भिंड कलेक्टर, को अपर सचिव लोक निर्माण विभाग नियुक्त किया गया है।
- उषा परमार, अपर आयुक्त (राजस्व), भोपाल संभाग को पन्ना का नया कलेक्टर बनाया गया है।

### इन जिलों में भी हुए बदलाव

सिंगरौली, अलीराजपुर, रतलाम, सिवनी और निवाड़ी में भी नए कलेक्टरों की नियुक्ति की गई है। हालांकि आदेश में इन जिलों के नए अधिकारियों के नाम अलग से सूचीबद्ध हैं। राज्य सरकार ने यह तबादले प्रशासनिक सुचारुता और विकास कार्यों में गति लाने के उद्देश्य से किए हैं। माना जा रहा है कि आगामी योजनाओं, लोकसभा चुनाव और विभिन्न योजनाओं की समीक्षा को ध्यान में रखते हुए ये बदलाव किए गए हैं।

इस व्यापक तबादला सूची से स्पष्ट है कि सरकार प्रशासनिक ढांचे को चुस्त-दुरुस्त करना चाहती है। अधिकारियों को उनके अनुभव और दक्षता के आधार पर नई जिम्मेदारियाँ सौंपी गई हैं। आने वाले समय में इन तबादलों का असर जिला प्रशासन की कार्यशैली और योजनाओं के क्रियान्वयन पर दिखाई दे सकता है।

### संस्कृति जैन जिनके दरवाजे हर वक्त आम जनता के लिए खुले

संस्कृति जैन की पहचान ऐसे अफसर के रूप में है, जिनके दरवाजे हर वक्त आम जनता के लिए खुले रहते हैं। किसानों की समस्याओं को समझने के लिए वे खुद खेतों में जाती हैं।



उर्वरक, बीज व फसल से जुड़ी परेशानियों का समाधान करती हैं। सरकारी कार्यालयों और स्कूलों का औचक निरीक्षण करना उनकी आदत में शामिल है। एक बार जब वे सरकारी स्कूल पहुंचीं, तो बच्चों के नाटक में खुद ही शामिल हो गई। संस्कृति जैन ने शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के क्षेत्र में कई महत्वपूर्ण पहल कीं है। इसी के तहत उन्होंने सरकारी स्कूलों में पढ़ाई की गुणवत्ता सुधारने के लिए खुद स्कूलों का दौरा किया। पहली और दूसरी कक्षा के बच्चों को पढ़ाने पहुंचीं, तो अपनी चप्पल क्लास के बाहर उतार दी, जिससे उनकी सादगी की खूब चर्चा हुई। महंगी किताबों और स्कूल फीस पर नियंत्रण लगाने के लिए निजी स्कूल संचालकों को तलब किया और अनावश्यक फीस वसूली पर रोक लगाई।

**ये भी किए अनूठे काम-** रोजगार मेले का आयोजन करवाया, जिससे सैकड़ों युवाओं को नौकरियां मिलीं। महिला स्व-सहायता समूहों को आर्थिक सहायता देकर उन्हें आत्मनिर्भर बनने का मौका दिया। स्कूलों में पौधारोपण अभियान चलाया, जिसमें उन्होंने खुद बच्चों के साथ मिलकर पौधे लगाए। सरकारी कार्यालयों और ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता अभियान को बढ़ावा दिया।



## महिला विश्व कप : इंदौर में आज आस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड की भिड़ंत

**इंदौर।** आईसीसी द्वारा आयोजित एकदिवसीय डे नाइट महिला विश्व कप के पांच मैच का पहला मैच ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड के बीच डे नाइट मुकाबला बुधवार को होलकर स्टेडियम में दोपहर से खेला जाएगा। दोनों टीम इंदौर पहुंच चुकी हैं। आज दोपहर से दोनों टीमें अलग-अलग तीन-तीन घंटे नेट प्रैक्टिस होलकर स्टेडियम में करेंगे। मैच की सभी तैयारियां अंतिम दौर में है। एमपीसीए के अध्यक्ष महा आर्यमन सिंधिया भी आज इंदौर पहुंच रहे हैं।

## मप्र में पुलिसकर्मी को हेलमेट अनिवार्य, नहीं लगाने पर ड्राइविंग लाइसेंस होगा कैंसिल

**भोपाल।** अब मप्र पुलिस ने यह साफ कर दिया है कि यह नियम खुद पुलिसकर्मियों पर भी लागू होगा। मुख्यमंत्री और पुलिस मुख्यालय के निर्देशों के बाद यह फैसला लिया गया है कि कोई भी पुलिसकर्मी ड्यूटी पर हो या ऑफ ड्यूटी, यदि बिना हेलमेट बाइक या स्कूटर चलाता है, तो उसे भी वैसी ही कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा जैसी आम नागरिकों को करनी पड़ती है। नए नियम के मुताबिक, यदि कोई पुलिसकर्मी बार-बार बिना हेलमेट पकड़ा जाता है, तो सिर्फ चालान भरने की नौबत नहीं होगी बल्कि उसका ड्राइविंग लाइसेंस भी निरस्त किया जा सकता है। इस आदेश से यह संदेश दिया गया है कि कानून सबके लिए समान है। सड़क सुरक्षा की जिम्मेदारी केवल आम जनता की नहीं, बल्कि वर्दी पहनने वाले अधिकारियों की भी है।

## करोड़ों के जेवर चुराने वाला मणप्पुरम का सहायक प्रबंधक गिरफ्तार

**ग्वालियर।** मणप्पुरम गोल्ड लोन फायनेंस कंपनी की डबरा शाखा में गिरवी रखे ग्राहकों के 5.5 करोड़ के सोने के जेवर सहित सहायक प्रबंधक और उसके पिता को राजस्थान के भरतपुर से गिरफ्तार किया गया है। सहायक प्रबंधक ने आगरा से खरीदकर नकली जेवर आठ डिब्बों में तिजोरियों में रखकर बदल दिए थे।एक ग्राहक द्वारा अपने जेवर वापस लेने के दौरान नकली जेवर मिलने की शिकायत के बाद कई ग्राहकों के जेवर बदले जाने का मामला सामने आया था। पुलिस ने आरोपितों से 25 पैकेट में 4.138 किग्रा वजनी अभूषणों के अलावा 67 हजार नकद भी जब्त किए हैं। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ग्वालियर धर्मवीर सिंह ने बताया कि कपंनी के क्षेत्रीय प्रमुख दिव्यरंजन मोहंती ने सोमवार को डबरा सिटी में थाने में मुकदमा दर्ज कराया था कि लेखा परीक्षक जितेन्द्र ने 24 सितंबर को लेखा परीक्षण और निरीक्षण किया, जिसमें गिरवी रखे सोने के आभूषण कुल वजन 4318.7 ग्राम कीमत लगभग 5.5 करोड़ रुपये के तिजोरी में रखे नहीं मिले। जेवर 20 से 21 सितंबर के बीच चोरी हुए हैं। दोनों की निशानदेही पर उनके कब्जे से पूरा सोना जब्त किया गया।

भावान्तर योजना के लिए रजिस्ट्रेशन 3 अक्टूबर से, 24 अक्टूबर तक चलेगा किसानों का रजिस्ट्रेशन

# किसानों के हित में सीएम मोहन यादव का बड़ा फैसला

**राष्ट्रीय हिंदी मेल, भोपाल।**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सोयाबीन किसानों को राहत देने के लिए बड़ा कदम उठाया है। राज्य सरकार ने भावान्तर योजना के तहत रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया शुरू करने का फैसला लिया है। सरकार का कहना है कि इस योजना से सोयाबीन किसानों को उनकी फसलों का उचित दाम मिलेगा और बाजार की अस्थिरता से उन्हें निजात मिलेगी। यह फैसला ऐसे समय लिया गया है जब लगातार गिरते दामों से किसान परेशान थे।

जानकारी के अनुसार भावान्तर योजना के लिए रजिस्ट्रेशन 3 अक्टूबर 2025 से शुरू होगा और 24 अक्टूबर 2025 तक चलेगा। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी रखी जाए और किसानों की सुविधा के लिए पर्याप्त व्यवस्थाएं की जाएं। किसान संगठनों ने इस निर्णय का स्वागत किया है और उम्मीद जताई है कि



इससे लाखों किसानों को फायदा होगा।

अब प्रदेश की मंडियों से तय होगा रेट

पहले मॉडल रेट तय करने के लिए तीन राज्यों के दामों की तुलना की जाती थी, जिससे मध्य प्रदेश के किसानों को नुकसान उठाना पड़ता था। लेकिन अब मॉडल रेट केवल प्रदेश की सरकारी मंडियों के आधार पर तय होगा। यह बदलाव किसानों के लिए लाभकारी साबित होगा क्योंकि स्थानीय मंडियों की स्थिति ही मूल्य निर्धारण का आधार बनेगी।

### रेट विवाद को कम करने की कोशिश

राज्य मंडी बोर्ड ने बताया कि 1 अप्रैल से सभी मंडियां ई-मंडी सिस्टम से जुड़ चुकी हैं। हर खरीदारी कैमरों की निगरानी में एक निर्धारित कक्ष में होगी। इस व्यवस्था से रेट को लेकर विवाद की गुंजाइश कम होगी और खरीद-फरोख्त पूरी तरह पारदर्शी रहेगी। ऑनलाइन डेटा के जरिए यह भी दर्ज होगा कि किस व्यापारी ने कितना माल खरीदा। वहीं, मंडी के बाहर ई-अनुज्ञा के जरिए हुई बिक्री का रिकॉर्ड भी सिस्टम में दर्ज किया जाएगा।

### ऐसे समझें मॉडल रेट का फायदा

उदाहरण के तौर पर यदि 1 से 15 नवंबर के बीच प्रदेश में 10 लाख मीट्रिक टन सोयाबीन बिके और उसमें से 6 लाख मीट्रिक टन की बिक्री 4500 रुपए प्रति क्विंटल पर हो, तो यही मॉडल रेट माना जाएगा। यदि न्यूनतम समर्थन मूल्य 5328 रुपए है, तो 828 रुपए प्रति क्विंटल का अंतर सीधे किसानों के खाते में डाला जाएगा।



## अरविंद शर्मा होंगे विधानसभा के नए प्रमुख सचिव

### एपी सिंह मानव अधिकार आयोग में जाएंगे

**भोपाल।** मध्य प्रदेश विधानसभा के नए प्रमुख सचिव अरविंद शर्मा होंगे। वर्तमान प्रमुख सचिव अवधेश प्रताप (एपी) सिंह नौ साल तक जिम्मेदारी निभाने के बाद आज सेवानिवृत्त हो रहे हैं। उनकी जगह विधानसभा सचिव अरविंद शर्मा पदभार संभालेंगे। उधर, एपी सिंह को मानव अधिकार आयोग में प्रशासनिक सदस्य नियुक्त करने का निर्णय सोमवार को हुई बैठक में लिया गया था। एपी सिंह वर्ष 2016 से लगातार विधानसभा के प्रमुख सचिव रहे हैं। 2023 में सेवानिवृत्ति के बाद उन्हें दो बार एक-एक साल की सेवावृद्धि मिली। इस तरह वे विधानसभा में 10 साल तक प्रमुख सचिव रहने वाले एकमात्र अधिकारी बन गए। इधर, विधानसभा सचिवालय में आज एपी सिंह का विदाई समारोह आयोजित किया गया, जिसमें विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर भी मौजूद रहे। सोमवार को पूर्व विधायक मंडल की ओर से भी उनका सम्मान किया गया।

अधीनस्थ अधिकारियों को नागरिकों की समस्या गंभीरता से लेने के निर्देश

# जनसुनवाई में कलेक्टर ने दिखाई सहजता और संवेदनशीलता

» पीड़ित बुजुर्ग महिलाओं को तुरंत मुहैया करवाया श्रवण यंत्र

» सेटेलाइट वैली के रहवासियों की समस्या पर त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए

**राष्ट्रीय हिंदी मेल, इंदौर**






मंगलवार को कलेक्टर शिवम वर्मा की सहजता और संवेदनशीलता आज फिर सामने आई। जनसुनवाई के दौरान एक बुजुर्ग महिला अपनी पारिवारिक पीड़ा लेकर पहुंची। बुजुर्ग महिला श्रीमती अंबिका वर्मा ने बताया कि वे अपने पुत्रों और बहुओं से परेशान है। बातचीत में कलेक्टर श्री वर्मा को बुजुर्ग महिला की सुनने की क्षमता कम दिखाई दी। बुजुर्ग महिला से पूछा की उन्हें सुनने में समस्या आती है? महिला ने बताया कि हाँ, मुझे सुनने में भी परेशानी आती है। कलेक्टर शिवम वर्मा ने तुरंत ही श्रवण यंत्र मंगाकर महिला को उपलब्ध कराया। श्रवण यंत्र पाकर महिला भावुक हो गई और कलेक्टर साहब की इस कार्य के लिए उन्हें आशीर्वाद दिया। वहीं एक अन्य मामले में उस समय माहौल गरमा गया जब जब सेटेलाइट वेली (इनक्लेव) के प्लॉटधारकों ने नारेबाजी शुरू कर दी। इन लोगों का कहना था कि कई वर्षों से वे अपने ही प्लॉट पर निर्माण कार्य शुरू नहीं कर पा रहे हैं क्योंकि अब तक क्षेत्र में मूलभूत विकास कार्य नहीं हुए हैं, जिससे भवन अनुज्ञा (बिल्डिंग परमिशन) नहीं मिल रही है। वर्षों से परेशान रहवासी अब सुनवाई न होने से आक्रोशित हैं। स्थिति को देखते हुए कलेक्टर शिवम् वर्मा ने प्रदर्शनकारी रहवासियों से बात की और उन्हें आश्वासन दिया कि जल्द ही इस मामले में उचित कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि इलाके में जरूरी विकास कार्यों की समीक्षा कर त्वरित निर्णय लिया जाए।

**नागरिकों की समस्याओं को अधिकारीगण गंभीरता से लें -** इसी तरह एक आवेदक गोविन्द भी अपनी समस्या लेकर कलेक्टर के समक्ष पहुँचा। उसने बताया कि मैं अनाथ हूँ और जीवन यापन का कोई सहारा नहीं है। कलेक्टर श्री वर्मा ने उक्त युवा की समस्या के त्वरित निराकरण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। जनसुनवाई में प्रत्येक आवेदक को बैठाकर उनकी समस्याओं को विस्तार से सुना गया और समाधान के ठोस प्रयास किए गए। जनसुनवाई में अपर कलेक्टर गौरव बैनल, नवजीवन पंवार, श्री रोशन राय सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी भी उपस्थित रहे।

उन्होंने भी नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता से सुनकर समाधान सुनिश्चित किया। विभिन्न विभागों के जिला अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि वे स्वयं जनसुनवाई में उपस्थित रहें, नागरिकों की समस्याएं सुने और उनका निराकरण करें। जनसुनवाई में अधिकांश आवेदन संपत्ति और पारिवारिक विवाद, प्लॉट आवंटन, कॉलोनी विकास, भरण-पोषण आदि के थे।



समाचार विश्लेषण : राकेश राठौर, मो. 8989868301

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | खुला- 80,541.77<br>पिछला बंद - 80,364.94 | निफ्टी | खुला- 24,691.95<br>पिछला बंद -24,634.90 | सोना | 1,16,518.00 रुपए<br>10g of 24k (99.9%) | चांदी | 1,51,000 रुपए<br>1kg | डॉलर | 88.79 रुपए<br>प्रति डॉलर |

# शहर में गरबों की धूम

## सादगी गरबा महोत्सव राजेंद्र नगर









जैसे-जैसे नवरात्र समाप्ती की ओर बढ़ता जा रहा है वैसे वैसे शहर में गरबों का रंग और चढ़ता जा रहा है। गरबे अपने पूरे उल्लास पर पहुंच गए हैं। गरबा पंडालों में गरबा करने वालों की संख्या दिन ब दिन बढ़ती जा रही है। वहीं शहर में रात करीब 12 बजे तक चहल पहल बनी रहती है ऐसा लगता है जैसे पूरा शहर मिलकर उत्सव मना रहा है।

## निर्भय गरबा महोत्सव बांगड़दा रोड













## मां की आराधना में पूरा शहर डूबा, गरबों का जमा रंग

# नेता प्रतिपक्ष व पार्षदों ने इंदौर निगमायुक्त से मुलाकात की

**चौकसे बोले - चारों तरफ भ्रष्टाचार, सभी जगह लगे CCTV; सड़कों पर भी चिंता जताई**



**राष्ट्रीय हिन्दी मेल इंदौर।**

मंगलवार को नगर निगम नेता प्रतिपक्ष चिंटू चौकसे कांग्रेस पार्षद दल के साथ नगर निगम आयुक्त दिलीप कुमार यादव से मिले। प्रतिनिधिमंडल ने शहर की प्रमुख समस्याओं को उनके सामने रखा और जल्द समाधान की मांग की। आयुक्त ने भरोसा दिलाया कि सभी मुद्दों पर प्राथमिकता से कार्रवाई की जाएगी।

### शहर को गड्ढों से मुक्त करें

नेता प्रतिपक्ष चिंटू चौकसे ने बताया कि आज नगर निगम आयुक्त से मुलाकात की है। काम के विषय में उनसे बातचीत की है। कहीं ना कहीं पूरे शहर में गड्ढे हो रहे है। आगामी दिनों में दीपावली का त्योहार आ रहा है। नगर निगम और पार्षदों के लिए ये बड़ा टास्क है कि दीपावली के पहले शहर की सड़कों को गड्ढों से मुक्त कराया जाए। इसलिए उनसे निवेदन किया है कि इसके लिए युद्ध स्तर की प्लानिंग कर सड़कों के गड्ढों को भरा जाए ताकि शहर सुंदर और व्यवस्थित दिखे।

### निगम को सीसीटीवी कैमरों से लेस किया जाए

चौकसे ने निगमायुक्त से कहा कि नगर निगम में चारों तरफ भ्रष्टाचार फैला हुआ है। इसलिए नगर निगम को सीसीटीवी कैमरों से लेस किया जाए। निगम का कोई ऐसा कमरा ना बचे, जहां सीसीटीवी कैमरे ना हो। जोनल ऑफिस में भी सीसीटीवी कैमरे लगवाए जाएं।

नगर निगम में ही दो से तीन जगह बड़ी एलईडी लगाए, ताकि कौन से ऑफिस में क्या चल रहा है, ये देखा जा सके, जिससे पारदर्शिता आ सके। उन्होंने कहा कि नगर निगम पूरी तरह से बर्बाद हो गया है, भ्रष्टाचार पर कहीं ना कहीं हमें लगाम लगाना पड़ेगी।

### सर्विस रोड को तुरंत दुरुस्त कराया जाए

चौकसे ने बताया कि निगमायुक्त को बताया है कि शहर में कई जगह ब्रिजों का काम चल रहा है, वहां की सभी सर्विस रोड खराब है, ये बड़ा भ्रष्टाचार है। सर्विस रोड को तुरंत दुरुस्त कराया जाना चाहिए। सर्विस रोड खराब होने के कारण वहां कि ट्रैफिक व्यवस्था चरमरा गई है।

नेता प्रतिपक्ष ने बताया कि चर्चा के बाद निगमायुक्त ने भी उन्हें आश्वस्त किया है सभी मिल जुलकर काम करेंगे। नेता प्रतिपक्ष के साथ कांग्रेस के कई पार्षद मौजूद रहे।

# निगम आयुक्त ने किया शहर का दौरा

**इंदौर।** शहर की सफाई व्यवस्था और निर्माण कार्यों को देखने के लिए नगर निगम आयुक्त दिलीप कुमार यादव मंगलवार को मैदान में उतरे। उन्होंने कई जगह देखीं और जहां कमियां मिलीं उसे सुधारने को कहा। बता दें कि निगमायुक्त लगातार शहर की सफाई व्यवस्था के साथ ही निर्माण कार्यों को देखने के लिए जा रहे हैं। निगमायुक्त यादव ने मालवा मिल में बन रहे ब्रिज के निर्माण काम को देखा। इस दौरान उन्होंने बचे हुए काम को जल्द पूरा करने के लिए कहा। साथ ही पुल के पास दीवार बनाने को भी बोला। इसके बाद उन्होंने मालवा मिल, राजकुमार ब्रिज, चिमनबाग चौराहा, स्मृति टॉकीज, सुभाष मार्ग का दौरा किया। अपर आयुक्त अभय राजनगांवकर से सुभाष मार्ग रोड बनाने, सीवरेज, पानी की सप्लाई, काम के टैंडर, रोड बनाने में आने वाली दिक्कतों के बारे में डिटेल जानकारी ली। व्यवस्था देखने पहुंचे निगमायुक्त दिलीप कुमार यादव अधिकारियों से जानकारी लेते हुए।

# 14 वें बाइबिल महोत्सव की शुरुआत भक्तिमय भाव से हुई

**राष्ट्रीय हिन्दी मेल इंदौर।**

कैथोलिक धर्मप्रांत इंदौर के 14 वें तीन दिवसीय बाइबिल महोत्सव की शुरुआत सेंट पॉल हायर सेकंडरी स्कूल के प्रांगण में भक्तिमय भाव से हुई। बिशप थॉमस मैथ्यू द्वारा पुरोहितगण तथा विश्वासियों की उपस्थिति में नीले और सफेद रंग के गुब्बारों से बनी पवित्र रोजरी माला को आकाश में छोड़ा गया। इसके पश्चात होली स्पिरिट चर्च पालदा पल्लीवासियों द्वारा स्वागत नृत्य करते हुए एक जुलुस में माँ मरियम की प्रतिमा तथा पवित्र बाइबिल के साथ आयोजन स्थल में प्रवेश किया।

आयोजन स्थल पर बिशप थॉमस मैथ्यू, बिशप चाको, प्रवचनकर्ता फादर येसुदास, फादर मारिया पॉलराज एसवीडी, विकार जनरल फादर सायमन राज एवं विश्वासियों द्वारा दीप प्रज्जवलन किया गया। ततपश्चात पवित्र वचन का बाइबिल से वाचन किया गया। बिशप थॉमस द्वारा शुरूआती प्रार्थना की गई। विकार जनरल फादर सायमन राज द्वारा फादर येसुदास एवं टीम एवं सभी



का स्वागत किया गया। प्रवचनकर्ता फादर येसुदास एवं टीम द्वारा स्तुति, आराधना की गई। अपने प्रवचन में फादर येसुदास ने कहा- "मनुष्य जीवन एक यात्रा है। इस यात्रा का मुख्य लक्ष्य ईश्वर के दर्शन करना, ईश्वर का साक्षात्कार करना, ईश्वर के और निकट जाना और अंततः ईश्वर को प्राप्त करना। मनुष्य का जीवन दिशाहीन नही होना चाहिए, और इसी प्रकार जीवन की यही यात्रा भी दिशाहीन नही होना चाहिए।

**जीवन भर समाज के वंचित एवं कमजोर वर्गों की सेवा को अपना धर्म माना,**

# मंत्री सिलावट ने माधवराव सिंधिया की पुण्यतिथि पर श्रृद्धांजलि दी

**राष्ट्रीय हिन्दी मेल इंदौर।**

स्वर्गीय श्री माधवराव सिंधिया की पुण्यतिथि पर आज इन्दौर के बंगाली चौराहा पर स्थित प्रतिमा स्थल पर श्रृद्धा-सुमन अर्पित किए गए। इस दौरान जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट सहित अन्य विधायकों और जनप्रतिनिधियों ने स्वर्गीय श्री माधवराव सिंधिया की प्रतिमा पर श्रृद्धा-सुमन अर्पित कर श्रृद्धांजलि दी।

मंत्री श्री सिलावट ने कहा कि स्वर्गीय श्री सिंधिया ने जीवन भर समाज के वंचित एवं कमजोर वर्गों की सेवा को अपना धर्म माना। वे प्रेरणापुंज है। उन्होंने जनसेवा को अपने जीवन का सर्वोच्च लक्ष्य माना। सादगी, दूरदर्शिता और समाज के प्रति अटूट समर्पण के प्रतीक रहे हैं। उन्होंने जीवन भर समाज के वंचित एवं कमजोर वर्गों की सेवा को अपना धर्म माना, हमें उनके आदर्शों और सिद्धांतों पर चलना चाहिए और गरीबों की सेवा करना



चाहिए।

इस अवसर पर विधायक सर्वश्री रमेश मेंदोला, मधु वर्मा तथा महेन्द्र हार्डिया, पूर्व विधायक श्री सुदर्शन गुप्ता, पूर्व महापौर श्री कृष्णकांत मोघे, नगर अध्यक्ष श्री सुमित मिश्रा, श्री राजेन्द्र राठौर, श्री अजयसिंह नरूका, श्री मोहन सेंगर, जनपद अध्यक्ष श्री विश्वजीतसिंह सिसौदिया, एमआईसी सदस्य श्री नन्दू पहाडिया, श्री अभिषेक बब्लू शर्मा, श्री राजेश उदावत, पार्षद श्री कमल वाघेला, श्री योगेश गेंदर, श्री मनोज मिश्रा, श्री सुरेश कुरवाडे, श्री राकेश सोलंकी, श्री विजय यादव, श्री पवन जायसवाल, श्री पप्पु शर्मा, श्री राजेश पाण्डेय, किरण सूर्यवंशी, वंदना सिंह, श्री विष्णु चौधरी, श्री यशवंत शर्मा, श्री लक्की अवस्थी, श्री अर्जुन क्षत्रिय, श्री पवन तिवारी, श्री रजनीश वर्मा सहित सैकडों कार्यकर्ताओं ने स्वर्गीय श्री माधवराव सिंधिया की प्रतिमा पर मार्त्यापण किया।

स्वामी विजय कुमार दास के लिए प्रकाशक, मुद्रक पृथ्विजय कुमार दास के द्वारा मेसर्स डीबी कार्प लिमिटेड के लिए 44-45/ए,59-51/ए सेक्टर एफ इंडस्ट्रियल एरिया सांवेर रोड, इंदौर से मुद्रित, 197 सांईकृपा कॉलोनी, (बाम्बे हॉस्पिटल के समीप), इंदौर से प्रकाशित
संपादक - पृथ्वीजय कुमार दास (मो. 9971085589) *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * प्रधान संपादक विजय कुमार दास (मो. 9617565371) *डिजीटल समूह संपादक राकेश राठौर RNI. No. : MPHIN/2003/13302
समाचार संपादक-अरुण हार्डिया (9424540114), संपादकीय कार्यालय: ईसी-5 स्कीम नम्बर 94, उत्तमभोग के पास, इंदौर (07314678868), सभी प्रकार के विवादों के निपटारे हेतु न्यायालय क्षेत्र इंदौर रहेगा। (rashtriyahindimailindoreoffice@gmail.com)

**न्यूज ब्रीफ**

### सीएम देवी मंदिरों के दर्शन कर गरबा पांडालों में भी जायेंगे



**उज्जैन।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मंगलवार को शाम करीब 4-45 बजे उज्जैन पहुंचे। यहां वे अपने घर पर अष्टमी पूजन में शामिल होंगे। इसके बाद वे हरसिद्धि मंदिर जाकर पूजा-अर्चना करेंगे और दर्शन करेंगे। सीएम मोहन यादव का दताना हवाई पट्टी पर आगमन हुआ। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ यादव का जनप्रतिनिधियों और गणमान्य नागरिकों द्वारा स्वागत किया गया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस अवसर पर कहा कि सोयाबीन के लिए भावांतर योजना लागू कर सरकार किसानों को अतिवृष्टि से हुए नुकसान की भरपाई करेंगी। मुख्यमंत्री उज्जैन में चार गरबा पंडालों में भी शामिल होंगे। इनमें प्रमुख रूप से दशहरा मैदान, कालिदास अकादमी, सामाजिक न्याय परिसर और एक अन्य स्थान शामिल है। गरबे के दौरान वे वहां मौजूद श्रद्धालुओं से मुलाकात भी करेंगे। सीएम उज्जैन के अन्य देवी मंदिरों में दर्शन के लिए भी जाएंगे। रात में वे उज्जैन में विश्राम करेंगे। बुधवार सुबह वे अलसीन (नलखेड़ा) स्थित माँ बगलामुखी मंदिर जाकर दर्शन कर सकते हैं। वहां वे एक विशेष यज्ञ कार्यक्रम में भी भाग लेंगे।

### विजयवर्गीय समाज की महिलाओं ने किया गरबा



**उज्जैन।** विजयवर्गीय (वैश्य) महिला मंडल का गरबा कार्यक्रम नानाखेड़ा स्थित समाज की धर्मशाला में हुआ। पूर्व अध्यक्ष शिवकुमार विजयवर्गीय ने बताया समाज के लोगों ने मां भगवती की आरती की और कन्या पूजन हुआ। इसके बाद समाज की महिलाओं ने पारंपरिक गरबों की प्रस्तुति। डांडिया गरबा, कपल गरबा के साथ विभिन्न गेम और प्रतियोगिताएं हुई। विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में अध्यक्ष कांति विजयवर्गीय, सचिव चंचल विजयवर्गीय सहित समाज की सभी मातृशक्ति उपस्थित थीं।

### संस्कृत अध्ययन से वंचित न किया जाए

**उज्जैन।** महर्षि पाणिनि संस्कृत विवि के कुलगुरु प्रो. शिवशंकर मिश्र ने जनजातीय कार्य मंत्रालय नईदिल्ली को पत्र लिखकर एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय की हाल ही में जारी भर्ती प्रक्रिया में संस्कृत विषय के पद जोड़ने और पुनः विज्ञापन जारी करने का आग्रह किया है। हाल ही में 19 सितंबर को जारी विज्ञापन में संस्कृत विषय को स्थान नहीं दिया है। उक्त भर्ती में संशोधन कर संस्कृत अध्यापकों के लिए यथोचित संख्या में पदों की घोषणा की जाए।

### स्वतंत्रता सेनानी नागर का 100वां जन्मदिवस आज

**उज्जैन।** हिन्दी के वरिष्ठतम पत्रकार, स्वतंत्रता सेनानी और गांधीवादी सामाजिक कार्यकर्ता



प्रेमनारायण नागर के 100वें जन्मदिन पर महाराजा विक्रमादित्य शोधपीठ और ज्ञानतीर्थ सप्रे संग्रहालय द्वारा उज्जैन में शब्द साक्षी अभिनंदन समारोह का आयोजन किया जा रहा है। समारोह आज 2.30 बजे कालिदास अकादमी के पं. सूर्यनारायण व्यास संकुल सभागार में होगा। प्रेमनारायण नागर विद्यार्थी जीवन में स्वाधीनता आंदोलन में सक्रिय हो गए थे।

# महाअष्टमी पर नगर पूजाः 27 किमी मार्ग पर मदिरा की धार से हुआ पूजन

**राष्ट्रीय हिन्दी मेल उज्जैन।**

शारदीय नवरात्र की महाअष्टमी पर आज 30 सितंबर को नगर की सुख समृद्धि के लिए मदिरा की धार से पूजा हुई। चौबीस खंभा माता मंदिर में सुबह कलेक्टर रौशन कुमार सिंह एवं एसपी प्रदीप शर्मा ने माता महामाया व महालया को मदिरा का भोग लगाकर पूजा की शुरुआत की। अधिकारी और कोटवारों का दल ढोल ढमाकों के साथ 40 से अधिक देवी व भैरव मंदिरों में पूजा अर्चना के लिए रवाना हुए। करीब 27 किलो मीटर लंबे नगर पूजा मार्ग पर मदिरा की धार लगाई जाएगी। साथ ही पूड़ी, भजिए, गेहूं व चने की घुघरी अर्पित की गई। मान्यता है ऐसा करने से नगर में मौजूद अतृप्त आत्माएं तृप्त होती हैं तथा सुख-समृद्धि का आशीर्वाद प्रदान करती हैं।

महाअष्टमी पर नगर पूजा की परंपरा सम्राट विक्रमादित्य के काल से चली आ रही है। कालांतर मे भी रियासत के समय पूजन का क्रम जारी रहा। स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद शासन की ओर से नगर पूजा कराई जा रही है। इस बार तिथि वृद्धि के कारण 30 सितंबर को महाअष्टमी मनाई गई। कलेक्टर रौशन कुमार सिंह माता महामाया और महालया को मदिरा का भोग लगाकर नगर पूजा की शुरुआत की।



**भक्तों में प्रसाद के रूप में बांटी गई शराब**

यह परंपरा वर्षों से चली आ रही है। कलेक्टर रौशन कुमार सिंह और पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा चोबीस खम्बा माता मंदिर पर पहुंचे और देवी महालया और महामाया की पूजा कर देवी को मदिरा चढ़ाई। यह महाष्टमी की महापूजा सुबह ढ़ोल नगाड़ों के साथ शुरू हुई। बाद में प्रशासनिक अमला तहसीलदार के नेतृत्व में नगर पूजा पर निकल पड़ा। महापूजा की यात्रा में कोटवार के हाथ में एक कलश रहता है, जिसके पेंदे में छेद किया हुआ होता है। देवी शक्तियों को चढ़ाई जाने वाली इस मदिरा को प्रसाद के रूप में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओ ने भी ग्रहण किया।

इसके बाद शासकीय दल अन्य मंदिरों में पूजा अर्चना के लिए रवाना हुए।

धर्मधानी उज्जैन में नगर पूजा की परंपरा सम्राट विक्रमादित्य के काल से चली आ रही है। कालांतर में राजा महाराजा इस परंपरा का निर्वहन करते आए हैं। स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद सरकार की ओर से नगर पूजा कराई जाती है। नगर पूजा का शुभारंभ चौबीस खंभा माता मंदिर से होता है। यह प्राचीन उज्जैन का मुख्य द्वार है। इस द्वार के दोनों ओर माता महामाया व महालया विराजित है। सर्वप्रथम इन्हीं की पूजा होती है, इसके बाद शहर के अन्य देवी व भैरव मंदिरों में पूजा की जाती है। देवी भैरव आदि अनादिकाल से इस नगर की सुरक्षा कर रहे हैं। उन्हीं के आशीर्वाद से प्रजाजन सुखी व संपन्न रहते हैं। देवताओं की कृपा सदा सर्वदा बनी रहे, इसलिए प्रतिवर्ष शारदीय नवरात्र की महाअष्टमी पर राजा द्वारा देवी भैरव के पूजन की परंपरा है।

**नगर पूजा में यह है खास**

- 27 किलो मीटर लंबा नगर पूजा मार्ग।
- 40 से अधिक देवी व भैरव मंदिर में हुई पूजा।
- 12 घंटे का समय लगा नगर पूजा में।
- 35 से अधिक बोतल मदिरा का उपयोग हुआ।

### हरसिद्धि शक्तिपीठ पर दोपहर 12 बजे हुई पूजा

शक्तिपीठ हरसिद्धि मंदिर में महाअष्टमी पर दोपहर 12 बजे शासकीय पूजा हुई। कलेक्टर रौशन कुमार सिंह व एसपी प्रदीप शर्मा माता हरसिद्धि की पूजा अर्चना की। देवी को सौभाग्य सामग्री अर्पित की गई। पुजारी रामचंद्र गिरि ने बताया हरसिद्धि मंदिर में शाक्त पूजा होती है। यहां देवी को मदिरा अथवा तामसिक वस्तु अर्पित नहीं की जाती है। इसलिए महाअष्टमी पर कलेक्टर दोपहर में अलग से आकर पूजा अर्चना करते हैं।

### गढ़कालिका में शाम को भंडारा, रात में महाआरती

शारदीय नवरात्र की महाअष्टमी पर मंगलवार को सिद्धपीठ गढ़ कालिका माता मंदिर में शाम 7 बजे से रात 11.30 बजे तक महाभंडारा हुआ। इसके बाद रात 12 बजे ढोल ढमाकों के साथ महाआरती की गई। शासकीय पुजारी महंत करिश्मानाथ ने बताया भक्तों से महाप्रसादी व महाआरती में शामिल होने का अनुरोध किया है। दशहरे के दिन भी महाप्रसादी का आयोजन किया जाएगा।

**महिला की मौत के बाद आरोपी का मकान तोड़ा : मां बोली-**

# ऐसी सजा मिले कोई लड़की लव जिहाद में न फंसे, थाने पर किया प्रदर्शन

**राष्ट्रीय हिन्दी मेल उज्जैन।**

बड़नगर में मुस्लिम युवक मोनू के साथ रहने वाली महिला शैलू की कथित प्रताड़ना के कारण मौत के मामले में हिंदूवादी संगठनों ने बड़नगर थाने का घेराव किया। संगठनों ने आरोपी पर 'लव जिहाद' की धाराओं में मामला दर्ज करने और उसके घर को तोड़ने की मांग की। महिला पिछले करीब दो वर्षों से अपने परिवार को छोड़कर आरोपी युवक के साथ बड़नगर में रह रही थी। परिवार का आरोप है कि उसे बिना बुर्का पहने बाहर जाने और मंदिर जाने की अनुमति नहीं दी जाती थी।

प्रदर्शन के बाद आरोपी मोनू के गुलाब नगर स्थित घर के अवैध हिस्से को तोड़ दिया गया। बड़नगर की 22 साल की शैलू पिछले दो साल से मुस्लिम युवक मोनू के साथ लिव-इन में रह रही थी। बाद में दोनों ने निकाह कर लिया। सोमवार को परिवार को पता चला कि शैलू ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।



**हिंदूवादी संगठन ने किया प्रदर्शन**

मंगलवार को हिंदूवादी संगठन 'सकल हिन्दू समाज' आरोपी मोनू की गिरफ्तारी, उस पर 'लव जिहाद' की धाराओं में केस दर्ज करने और उसके घर को तोड़ने की मांग लेकर थाने के बाहर इकट्ठा हुआ। प्रदर्शनकारियों ने करीब एक घंटे थाने का घेराव किया और आरोपी के खिलाफ नारेबाजी की। इस दौरान बीजेपी विधायक जितेंद्र पंड्या भी थाने पहुंचे और अधिकारियों को निर्देश दिए कि लव जिहाद की धाराओं में केस दर्ज किया जाए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

घटना को लेकर क्षत्रिय महासभा की प्रदेश अध्यक्ष दीपिका सिंह डोडिया भी मौके पर पहुंचीं। उन्होंने कहा कि शैलू की मौत आत्महत्या थी या हत्या, इसकी पूरी जांच प्रशासन करे। साथ ही आरोपी पर लव जिहाद का मामला दर्ज किया जाए और उसके अवैध घर को तोड़ा जाए।

मृतिका के भाई मुकेश ने बताया कि शैलू की पहले शादी हो चुकी थी। बाद में वह मोनू के साथ रहने लगी। मुकेश ने आरोप लगाया कि मोनू के परिवार वाले शैलू को मंदिर जाने की अनुमति नहीं देते थे। घर से बाहर निकलते समय बुर्का पहनना अनिवार्य था। इसके अलावा घर में कुरान पढ़ने का दबाव भी बनाया जाता था।

थाने पर प्रदर्शन कर रहे लोगों को समझाते हुए एसडीएम धीरेन्द्र पराशर ने कहा कि मामले में दो अलग-अलग एफआईआर दर्ज की जा रही हैं। मामले में एसडीओपी महेंद्र सिंह परमार ने जांच कर कड़ी कार्रवाई का आश्वासन दिया है।





## महिला कांग्रेस अध्यक्ष ने लगाए सभी धर्मों के पोस्टर

**राष्ट्रीय हिन्दी मेल उज्जैन।**

देश भर में I love mohammad के पोस्टर से उठे विवाद के बाद बरेली कानपुर और महाराष्ट्र में हिंसा हुई। दो दिन पहले उज्जैन में भी पोस्टर लगा तो गरबा पंडाल में I Love Mahakal का पोस्टर लगा दिया गया। पोस्टर वार के बीच मंगलवार को कांग्रेस की कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष नूरी खान ने महिलाओं के साथ ने टॉवर पर प्रदर्शन किया। महिलाओं ने हाथों में I LOVE महाकाल, ईसा, मोहम्मद संविधान और भारत लिखी तख्तियां लेकर खड़ी रही।

महिला कांग्रेस की प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष नूरी खान चार महिला नेत्रियों के साथ आई लव महाकाल, आई लव ईसा, आई लव मोहम्मद, आई लव संविधान और आई लव भारत लिखी तख्तियां लेकर फ्रीगंज टॉवर पहुंची। यहां तख्तियों को लेकर नूरी खान ने आधे घंटे तक नारेबाजी की। देश के पवित्र संविधान में सभी लोगों को अपने धर्म का पालन करने की आजादी है। पोस्टर में आपत्तिजनक क्या था। कल कोई व्यक्ति किसी ग्रंथ पर आपत्ति लगा तो क्या हम ग्रंथ हटा देंगे,नहीं हटाएंगे। पुलिस प्रशासन एक विशेष वर्ग को टारगेट कर रही है। हम सभी धर्म की महिलाएं मोहम्मद, ईसा महाकाल, संविधान, और भारत को लव की तख्तियां लेकर लेकर एकता का संदेश देने के लिए आई हैं। हम शांति से खड़ी है इसके बाद भी हमारे पीछे मिलिट्री खड़ी कर दी गई।

## सड़क हादसे में युवक की मौत, एक गंभीर बोलेरो ने बाइक सवार को मारी टक्कर

**सड़क किनारे पड़े रहे घायल, एम्बुलेंस नहीं पहुंची**

**राष्ट्रीय हिन्दी मेल उज्जैन।**



उज्जैन-जावरा स्टेट हाईवे पर मंगलवार को हुए सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई और एक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद लापरवाही भी सामने आई, करीब एक घंटे तक दोनों घायल सड़क किनारे पड़े रहे लेकिन मदद के लिए कोई आगे नहीं आया। इस दौरान एम्बुलेंस भी समय पर नहीं पहुंच पाई।

भैरवगढ़ थाना क्षेत्र के गुड़ा व गंभीर नदी पुलिया के समीप बोलेरो वाहन (क्रमांक RJ 09 GC 7115) के चालक ने बाइक सवार दो युवकों को टक्कर मार दी। हादसे में खाचरौद से उज्जैन की ओर जा रहे खाचरौद निवासी अभिषेक सोलंकी की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि उसके साथी योगेश शर्मा गंभीर रूप से घायल हुए।

स्थानीय लोगों ने बताया कि घायलों को बचाने के लिए कई बार 108 एम्बुलेंस सेवा को कॉल किया गया, लेकिन वाहन समय पर घटना स्थल पर नहीं पहुंचा। इसके बाद समीप गांव के निवासी और समाजसेवी लखन वर्मा अपनी निजी गाड़ी लेकर मौके पर पहुंचे और घायल योगेश शर्मा को उज्जैन अस्पताल पहुंचाया।

## दो माह का वेतन नहीं मिलने से नाराज इंजीनियरिंग कॉलेज के आउटसोर्स कर्मचारियों की हड़ताल

**उज्जैन।** दो महीने का वेतन नहीं मिलने से नाराज शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज के आउटसोर्स कर्मचारियों ने काम बंद कर हड़ताल कर दी। मध्यप्रदेश लघुवेतन कर्मचारी संघ जिला शाखा उज्जैन के बैनर तले जिलाध्यक्ष हेमराज घावरी के नेतृत्व में शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज के सभी आउटसोर्स कर्मचारियों ने दो माह का वेतन नहीं मिलने पर काम बंद कर हड़ताल की। कर्मचारियों ने आरोप लगाया कि हड़ताल के दौरान यश गोविंद मार्केटिंग एजेंसी के ठेकेदार संजय अग्रवाल आए और सभी आउटसोर्स कर्मचारियों को अग्रवाल ने धमकी दी कि काम बंद हड़ताल करोगे तो सभी कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दूंगा।आउटसोर्स कर्मचारियों के प्रभारी डॉ. एचके पटेल ने कर्मचारियों के प्रतिनिधि मंडल को बुलाया और आश्वासन दिया कि शाम तक कर्मचारियों का वेतन ठेकेदार द्वारा खाते में डाल दिया जाएगा। कर्मचारियों ने हड़ताल को खत्म किया और वापस काम लौट गए। जिला उपाध्यक्ष दशरथ सिहोते, जिला सचिव मुकेश रायकवार, जिला कोषाध्यक्ष विष्णुप्रसाद गौसर आदि उपस्थित थे। जानकारी जिला मीडिया प्रभारी रवि चौहान ने दी।

## गुरुद्वारा साहिब श्री दशमेश दरबार महा मृत्युंजय द्वार के पास कमरे बनाएंगे

**राष्ट्रीय हिन्दी मेल उज्जैन।**



गुरुद्वारा साहिब श्री दशमेश दरबार नानाखेड़ा महामृत्युंजय द्वार इंदौर रोड के पास उज्जैन आने वाले सभी धर्म-जाति-वर्ण के श्रद्धालुओं के लिए रहवासी कमरों का निर्माण किया जाएगा। इसका शुभारंभ पाठ एवं अरदास कर किया गया। इसका नामकरण सिख धर्म के द्वितीय गुरु श्री गुरु अंगद देवजी निवास के नाम से किया गया। सिख समाज के वरिष्ठजन की 11 सदस्य समिति का गठन किया गया।

गुरुद्वारा श्री गुरु सिंघ सभा दूधतलाई के अध्यक्ष इकबालसिंह गांधी, गुरुद्वारा दूध तलाई के महासचिव जसविंदरसिंह ठकराल ने बताया डॉ. बीएस मक्कड़, मानकसिंह मक्कड़, खुशालसिंह वाधवा, जगदीशलाल हुरिया, पुरुषोत्तमसिंह चावला, महेंद्रसिंह बिग, अवतारसिंह वाधवा, अविनाशसिंह धारीवाल, मस्तानसिंह छाबड़ा, दलजीतसिंह अरोड़ा, सुरेंद्रसिंह टूटेजा, सतपालसिंह अरोड़ा की समिति बनाई है। अब तक पांच कमरों के निर्माण के लिए राशि एकत्र हो गई है। सिख समाज के प्रवक्ता एसएस नारंग ने बताया उज्जैन आने वाले सभी धर्म-जाति-वर्ण के श्रद्धालुओं के लिए सिख समाज ने कमरों का निर्माण करवाया है। वर्तमान में 100 श्रद्धालुओं के लिए व्यवस्था कर दी गई है।



## एनसीसी कैडेट्स ने किए महाकाल के दर्शन, अन्नक्षेत्र में भोजन किया

**उज्जैन।** इंदौर में आयोजित 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' एनसीसी कैंप के तहत देशभर से आए कैडेट्स ने मंगलवार को उज्जैन में बाबा महाकाल के दर्शन किए। उन्होंने नवनिर्मित श्री महाकाल महालोक का भी भ्रमण किया। एमपी गर्ल्स बटालियन एनसीसी इंदौर से कुल 497 कैडेट्स मंगलवार को श्री महाकालेश्वर मंदिर पहुंचे। उन्होंने भगवान महाकाल के दर्शन किए और यहां की संस्कृति के बारे में जानकारी भी ली। दर्शन के बाद सभी कैडेट्स ने श्री महाकाल महालोक का भ्रमण किया। श्री महाकालेश्वर प्रबंध समिति द्वारा कैडेट्स के लिए दर्शन, महाकाल लोक भ्रमण और मंदिर समिति के निःशुल्क अन्नक्षेत्र में भोजन प्रसादी की विशेष व्यवस्था की गई थी। भगवान श्री महाकाल के दर्शन कर कैडेट्स ने अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने इस क्षण को अपने जीवन का अविस्मरणीय अनुभव बताया।

**शूर्पणखा के बाद रावण दहन का विरोध, कोर्ट जाएंगे : ब्राह्मण समाज बोला-**

# दशहरा मैदान पर काली मटकी फोड़ेंगे; आयोजकों को सद्‌बुद्धि देने की प्रार्थना करेंगे

**राष्ट्रीय हिन्दी मेल उज्जैन।**

अखिल भारतीय युवा ब्राह्मण समाज संगठन रावण दहन के खिलाफ हाईकोर्ट जाने की तैयारी कर रहा है। संगठन के महामंत्री रूपेश मेहता का कहना है कि रावण को उसके किए की सजा त्रेता युग में मिल चुकी है। बार-बार पुतला जलाकर ब्राह्मण समाज का अपमान किया जा रहा है। मेहता ने कहा-रावण दहन को लेकर विजयादशमी से पहले दशहरा मैदान पर आयोजकों के नाम से काली मटकी फोड़कर विरोध दर्ज कराएंगे। दशहरे से पहले हाईकोर्ट में याचिका भी लगाएंगे।

उन्होंने साफ कहा कि रावण को जलाकर बार-बार उसके कर्मों की याद दिलाई जाती है। ब्राह्मण समाज का अपमान किया जाता है। संगठन करीब एक महीने पहले रावण दहन पर रोक लगाने को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, संघ प्रमुख मोहन भागवत और मुख्यमंत्री



डॉ. मोहन यादव को पत्र लिख चुका है।

ब्राह्मण संगठन के महामंत्री रूपेश मेहता का कहना है कि जब सोनम के नाम में रघुवंशी जुड़ा होने के कारण शूर्पणखा के पुतले को जलाने से रोक दिया गया, तो कोर्ट से ब्राह्मणों को भी न्याय मिलेगा। मेहता कहते हैं कि बार-बार रावण दहन के नाम पर ब्राह्मण समाज को बदनाम करने की कोशिश की जा रही है। इस बार हम जहां-जहां भी रावण दहन के कार्यक्रम हो रहे हैं वहां पर आयोजकों के नाम पर काली मटकियां फोड़कर विरोध दर्ज कराएंगे।

**उज्जैन में लगे थे रावण दहन के विरोध में पोस्टर**

करीब 15 दिन पहले उज्जैन के कई इलाकों में रावण दहन के विरोध में पोस्टर लगाए गए थे। महाकाल सेना और अखिल भारतीय युवा ब्राह्मण समाज ने रावण दहन का विरोध करते हुए इस पर प्रतिबंध लगाने की अपील की थी। महाकाल सेना ने खासतौर पर ब्राह्मणों से अपील की थी कि वे रावण दहन जैसे आयोजनों में हिस्सा ना लें। महाकाल सेना के संरक्षक महेश पुजारी ने कहा- इतिहास या रामायण में कहीं भी रावण दहन का उल्लेख नहीं है। यह परंपरा अब मनोरंजन और राजनीति का साधन बन चुकी है। उ जो वास्तव में राम की तरह हैं, वही रावण दहन करें। अखिल भारतीय युवा ब्राह्मण समाज द्वारा रामघाट, गुदरी चौराहे और महाकाल घाटी के पास ये पोस्टर लगाए गए थे। इन पोस्टरों में सवाल उठाया गया है कि आखिर रावण का दहन क्यों किया जाए। क्यों न इस परंपरा को बंद कर दिया जाए। पिछले साल भी महाकाल सेना ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को पत्र लिखकर रावण दहन पर रोक लगाने की मांग की थी।

साथ ही भगवान से आयोजक को सद्बुद्धि देने की प्रार्थना भगवान से करेंगे।

**एमपी हाईकोर्ट ने शूर्पणखा दहन पर रोक लगाई थी-** मध्यप्रदेश हाईकोर्ट की इंदौर बेंच ने 26 सितंबर को 11 महिलाओं के पुतले शूर्पणखा के प्रतीक के तौर पर जलाने पर रोक लगा दी थी। इन महिलाओं में पति राजा रघुवंशी की हत्या की आरोपी सोनम रघुवंशी मुख्य थी। इसके अलावा, आगरा के नीले ड्रम हत्याकांड की आरोपी मुस्कान का नाम था। इंदौर में पौरुष संस्था ने दशहरा पर इनका पुतना दहन करने का आयोजन किया था। लेकिन सोनम की मां संगीता रघुवंशी ने इस मामले में 25 सितंबर को हाईकोर्ट में याचिका लगाई थी। मां का कहना था कि कोर्ट ने अभी उसे दोषी नहीं ठहराया है। इसलिए इस आयोजन को रोका जाए।

कोर्ट ने कहा कि ऐसा करना लोकतांत्रिक रूप से पूरी तरह से अस्वीकार्य होगा। कोर्ट के आदेश की कॉपी शनिवार को सामने आई। कोर्ट ने अपने फैसले में साफ कहा- भले ही किसी पर आपराधिक केस हो, लेकिन उसका पुतला जलाना, उसकी छवि को सार्वजनिक रूप से नुकसान पहुंचाना, संविधान और कानून के खिलाफ है।

**पौरुष नाम की संस्था ने की थी दहन की तैयारी-** पौरुष संस्था ने सोनम समेत 11 चेहरों वाला पुतला भी बनवाया है। इस पर सोनम के परिवार, खासतौर पर उसके भाई गोविंद और रघुवंशी समाज ने भी आपत्ति जताई थी। गोविंद ने इंदौर कलेक्टर शिवम वर्मा से शिकायत करते हुए आयोजन रोकने की मांग की थी।

## सुविचार

**मुट्ठी भर संकल्पवान लोग जिनकी अपने लक्ष्य में दृढ़ आस्था है, इतिहास की धारा को बदल सकते हैं।**
**- महात्मा गांधी**

राष्ट्रीय हिन्दी मेल 29वाँ वर्ष

अनीता चौबे

सुप्रीम कोर्ट इन दिनों मध्यप्रदेश और राजस्थान में पुलिस हिरासत में हुई मौतों से जुड़े मामलों की सुनवाई कर रहा है। यह स्वागतयोग्य है कि न्यायालय ने इस गंभीर मुद्दे पर संज्ञान लिया, किंतु सवाल यह है कि क्या केवल घटनाओं पर न्यायिक हस्तक्षेप से समस्या का स्थायी समाधान हो सकेगा? दरअसल, मूल समस्या पुलिस व्यवस्था की जड़ों में छिपी है—और उसका समाधान 2006 में ही सुप्रीम कोर्ट सुझा चुका है। 22 सितंबर 2006 को सर्वोच्च न्यायालय ने ऐतिहासिक आदेश देते हुए स्पष्ट कहा था कि पुलिस को राजनीतिक और बाहरी दबाव से मुक्त करने के लिए संस्थागत ढांचे तैयार किए जाएँ। स्टेट सिक्योरिटी कमीशन, पुलिस एस्टेब्लिशमेंट बोर्ड और स्वतंत्र शिकायत प्राधिकरण जैसी व्यवस्थाएँ इसके केंद्र में थीं। इसके साथ ही बड़े शहरों में कानून-व्यवस्था और अपराध अनुसंधान को अलग करने तथा पुलिस महानिदेशक की नियुक्ति की प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने का निर्देश दिया गया था। दुर्भाग्य से बीस वर्ष बीत जाने के बाद भी यह सपना अधूरा है। राज्य सरकारों ने या तो इन आदेशों की औपचारिकता निभाई या फिर ऐसे अधिनियम बनाए, जिनका वास्तविक उद्देश्य मूल निर्देशों को निष्प्रभावी करना था। कारण साफ है—यदि

## आलेख
# पुलिस सुधार विकसित भारत की अनिवार्य शर्त...

पुलिस वास्तव में स्वतंत्र हो जाती है तो नेताओं और नौकरशाहों के हाथ से उसका दुरुपयोग करने का साधन छिन जाएगा। यही वजह है कि आज भी पुलिस सुधार का पहिया अटका हुआ है। इतिहास गवाह है कि पुलिस और सत्ता की मिलीभगत ने कई बार लोकतंत्र को गहरे घाव दिए हैं। आपातकाल इसका सबसे वीभत्स उदाहरण रहा, जब पुलिस ने संवैधानिक सीमाओं को लांघकर जनता पर अत्याचार किए। शाह कमीशन ने तब साफ कहा था कि ऐसी घटनाएँ रोकनी हैं तो पुलिस को बाहरी दबाव से मुक्त करना ही होगा। आज स्थिति यह है कि जनता थाने जाने से डरती है, शिकायत दर्ज कराने में ही कोताही बरती जाती है और पुलिस की छवि मददगार के बजाय भय उत्पन्न करने वाली बनी हुई है। यदि विकसित भारत का सपना साकार करना है तो यह मानसिकता बदलनी होगी। पुलिस को जनता की पुलिस बनना होगा—न कि सत्ता की। इसके लिए तीन स्तरों पर ठोस कदम उठाने होंगे। पहला, पुलिस अपने आंतरिक व्यवहार और कार्यप्रणाली में सुधार लाए—शिकायत दर्ज करने से लेकर पीड़ित के साथ मानवीय व्यवहार तक। दूसरा, इंफ्रास्ट्रक्चर और जनशक्ति की कमी दूर की जाए। आधुनिक संचार व्यवस्था, पर्याप्त वाहन, फोरेंसिक लैब और बेहतर आवास जैसी सुविधाएँ पुलिसकर्मियों के मनोबल को मज़बूत करेंगी। तीसरा, तकनीक का अधिकतम उपयोग हो–साइबर अपराध से निपटने के लिए प्रशिक्षित स्टाफ, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का प्रयोग और सीसीटीएनएस जैसी परियोजनाओं का विस्तार अनिवार्य है।

# राष्ट्र जागरण की साधना के सौ वर्ष की यात्रा

हितानंद शर्मा



> स्वतंत्रता के पश्चात् जब भारतीय राजनीति अपने मूल और दिशा से भटकने लगी, देश की संप्रभुता के लिए ही संकट उत्पन्न हो गया, तब पं. दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने भारतीय जनसंघ की स्थापना की। भारतीय जनसंघ आगे चलकर भारतीय जनता पार्टी के रूप में विकसित हुआ। भारतीय जनता पार्टी वर्तमान में विश्व का सबसे बड़ा राजनीतिक संगठन है। इसे एक ऐसे संगठन के रूप में भी समाज का सम्मान प्राप्त होता है, जिसने अपने गठन के समय से चले आ रहे लगभग सभी प्रमुख संकल्पों को पूर्ण करने का महत्वपूर्ण कार्य किया है। जम्मू-कश्मीर से धारा 370 की समाप्ति, अयोध्या में भव्य राम मंदिर का निर्माण और भारत की वैश्विक प्रतिष्ठा को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाना इसी विचारधारा के ऐतिहासिक कार्य हैं।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की 100 वर्षों की यात्रा वास्तव में राष्ट्र जागरण की ध्येय यात्रा है। वर्ष 1925 में विजयादशमी के दिन नागपुर के मोहिते बाड़ा में रोपा गया राष्ट्र साधना का छोटा सा बीज आज एक विशाल वटवृक्ष बन चुका है। राष्ट्र प्रथम के एकनिष्ठ भाव के साथ किए जा रहे सतत और अनथक प्रयासों से संघ की पहचान आज विश्व के सबसे बड़े संगठन के रूप में बनी है। राष्ट्र, संस्कृति, धर्म एवं समाज के हित में सर्वस्व अर्पण कर देने वाले स्वयंसेवक भारत के पुनरुत्थान की साधना में निरंतर लगे हुए हैं। संघ शताब्दी वर्ष चरैवेति-चरैवेति के मंत्र के साथ बढ़ रहे वैचारिक अधिष्ठान का एक सोपान है।

संघ के आद्य सरसंघचालक परम पूजनीय डॉ. केशवराव बलिराम हेडगेवार द्वारा स्थापित राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का उद्देश्य भारत को स्वाधीन बनाने के साथ ही स्व-बोध की चेतना से युक्त एक संगठित समाज का निर्माण करना था। माँ भारती को परम वैभव पर आसीन करने की 100 वर्षों की यह यात्रा सरल नहीं रही। अनेक कठिनाइयों, विरोधों और बाधाओं को ही मार्ग बनाते हुए संघ ने भारत माता की सेवा में व्यक्ति निर्माण से राष्ट्र निर्माण का कार्य सतत जारी रखा है। स्वतंत्रता आंदोलन और स्वतंत्रता के पश्चात संघ ने समाज को देश की सांस्कृतिक जड़ों से जोड़ने का कार्य किया। स्वतंत्रता के पश्चात् भी जब देश में औपनिवेशिक मानसिकता से प्रेरित और गुलाम पीढ़ी तैयार करने वाली मैकाले शिक्षा पद्धति जारी रखी गई तब संघ प्रेरणा से 1952 में 'विद्या भारती' की स्थापना की गई, जो शिक्षा एवं संस्कार देने वाला आज विश्व का सबसे बड़ा अशासकीय शैक्षणिक संगठन है। युवाओं को राष्ट्रीय विचारों से जोड़ने के लिए अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, श्रमिकों के हित में कार्य करने भारतीय मजदूर संघ, किसानों के लिए भारतीय किसान संघ, सेवा कार्यों के लिए सेवा भारती और संस्कार भारती आदि अनेक संगठन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की प्रेरणा से स्वयंसेवकों द्वारा स्थापित किए गए जो आज भी समाज में सक्रियता से कार्य कर रहे हैं। 1936 में स्थापित राष्ट्र सेविका समिति के साथ मिलकर संगठन ने महिलाओं की भूमिका को भी समान महत्व दिया है। आज विचार परिवार के प्रत्येक संगठन में महिला नेतृत्व की सशक्त उपस्थिति इसी दृष्टिकोण का परिणाम है। स्वतंत्रता के पश्चात् जब भारतीय राजनीति अपने मूल और दिशा से भटकने लगी, देश की संप्रभुता के लिए ही संकट उत्पन्न हो गया, तब पं. दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने भारतीय जनसंघ की स्थापना की। भारतीय जनसंघ आगे चलकर भारतीय जनता पार्टी के रूप में विकसित हुआ। भारतीय जनता पार्टी वर्तमान में विश्व का सबसे बड़ा राजनीतिक संगठन है। इसे एक ऐसे संगठन के रूप में भी समाज का सम्मान प्राप्त होता है, जिसने अपने गठन के समय से चले आ रहे लगभग सभी प्रमुख संकल्पों को पूर्ण करने का महत्वपूर्ण कार्य किया है। जम्मू-कश्मीर से धारा 370 की समाप्ति, अयोध्या में भव्य राम मंदिर का निर्माण और भारत की वैश्विक प्रतिष्ठा को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाना इसी विचारधारा के ऐतिहासिक कार्य हैं। संघ की सौ वर्ष की यात्रा कठिन चुनौतियों से भरी रही है। संघ अपने आरंभिक काल से ही अपनों के ही विरोध, आक्रमण, उपहास और अपमान सहकर भी इस अनवत यात्रा में आगे बढ़ा है। महात्मा गांधी की हत्या के मिथ्या आरोप, दो बार लगाए गए प्रतिबंध, आपातकाल की असहनीय यातनाएं और तमाम विरोधों के पश्चात भी संघ अपने संकल्पों पर दृढ़ रहा। इस साधना की यज्ञ वेदी में असंख्य स्वयंसेवक समिधा बन कर होम भी हुए हैं। स्वयंसेवकों की तपस्या और प्रचारकों के समर्पण ने संगठन को उस स्थिति तक पहुंचाया, जहां आज विश्वभर में लोग संघ को निकट से जानना और उससे जुड़ना चाहते हैं। भारत के गौरवशाली स्वर्णिम इतिहास, संस्कृति, ज्ञान-परंपरा के संघरूपी वटवृक्ष की जड़ें गहरे तक समायी हुई हैं। संघ की शाखाएं संगठन का सबसे प्रबल पक्ष हैं। समाज में यह वाक्य प्रचलन में भी आ चुका है कि यदि संघ को समझना है तो शाखा में जाकर भलीभांति समझा जा सकता है। संघ की शाखाएं व्यक्ति निर्माण की नर्सरी भी कही जाती हैं। शाखा के माध्यम से स्वयंसेवकों का शारीरिक, मानसिक और चारित्रिक विकास होता है। खेल, गीत, अनुशासन और बौद्धिक कार्यक्रमों के माध्यम से उन्हें नेतृत्व, अनुशासन, बंधुत्व और कर्तव्यनिष्ठा की प्रेरणा मिलती है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की शाखाओं के माध्यमम से समाज का ऐसा संगठन तैयार हुआ है कि देश में कहीं भी प्राकृतिक आपदाओं, मानवीय संकटों और विदेशी आक्रमणों, हर परिस्थिति में संघ के स्वयंसेवक सबसे पहले सेवा कार्य के लिए उपस्थित रहते हैं। गुजरात के भुज में आए भूकंप से लेकर हाल की भीषण बाढ़ की घटनाओं और कोरोना महामारी के दौरान भोजन, परिवहन, दवाइयों से लेकर पीड़ितों के अंतिम संस्कार तक की सेवाओं में स्वयंसेवकों ने नि:स्वार्थ भाव से अपना योगदान दिया। इससे पूर्व स्वतंत्रता संग्राम, गोवा मुक्ति आंदोलन, कश्मीर के भारत में विलय, चीन के आक्रमण जैसे ऐतिहासिक घटनाक्रमों में भी संघ की भूमिका उल्लेखनीय रही। शताब्दी वर्ष संघ की संकल्प यात्रा को और अधिक गति देने का अवसर है। संगठन 'पंच परिवर्तन' के माध्यम से स्वदेशी, पर्यावरण संरक्षण, नागरिक कर्तव्यों, सामाजिक समरसता और परिवार प्रबोधन जैसे विषयों को जन-जन तक पहुंचाने में सक्रिय है। शताब्दी वर्ष के इस महत्वपूर्ण एवं स्मरणीय अवसर पर संघ किसी भव्य आयोजन की बजाय प्रत्येक भारतीय नागरिक तक पहुंचकर उसे अपने परिवार, समाज और राष्ट्र के प्रति कर्तव्यों का बोध कराने का कार्य कर रहा है।

# दशहरा : मनुष्य को रावण बनने से बचना होगा

प्रो (डा.) मनमोहन प्रकाश

दशहरा भारत का ऐसा पर्व है जो केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक नहीं, बल्कि सांस्कृतिक और सामाजिक चेतना का भी वाहक है। यह पर्व हमें यह स्मरण कराता है कि चाहे किसी के पास रावण जैसी अपार शक्ति, ज्ञान और समृद्धि क्यों न हो, यदि वह अहंकार और अधर्म से दूषित है तो उसका पतन निश्चित है। त्रेतायुग की रामकथा इसका प्रमाण है, जब भगवान श्रीराम ने रावण का वध कर धर्म, सत्य और मर्यादा की पुनर्स्थापना की। तभी से प्रत्येक वर्ष दशहरे पर रावण दहन के माध्यम से समाज को यह सन्देश दिया जाता है कि काम, क्रोध, लोभ, मोह, मद, मत्सर, अहंकार, अन्याय, अत्याचार और छल जैसी प्रवृत्तियाँ अंततः मनुष्य को रावण बना कर विनाश की ओर ले जाती हैं।

दशहरा उत्सव केवल औपचारिकता के रूप में रावण का पुतला जलाने तक सीमित न रह जाए, यही इसकी आत्मा है। असली चुनौती मनुष्य द्वारा अपने भीतर छिपे रावण को पहचानने और उसे समाप्त करने की है। यदि हम बाहर के रावण को जलाते रहेंगे लेकिन भीतर के रावण को पोषित करते रहें, तो दशहरे का सन्देश अधूरा रह जाएगा।

आज समाज में कई ऐसी बुराइयाँ पनप रही है जिनकी जड़ें गहराई तक प्रवेश करती जा रही हैं। चिंता का विषय यही है कि कहीं ये बुराइयां मनुष्य को धीरे-धीरे रावण की श्रेणी में ला कर खड़ा न कर दे रावण में निहित निम्न बुराइयां आज के मनुष्य के एक बड़े वर्ग में सहजता से देखी जा सकती है-

अहंकार : आज के मानव में धन, पद, शक्ति या ज्ञान पाते ही घमंडी व्यवहार करना आम हो गया है। यही रावण का मूल दोष था।

क्रोध - छोटी-सी-छोटी बात पर आज के मानव द्वारा हिंसा का सहारा लिया जाता है।क्रोध के कारण घरेलू कलह, सड़क पर झगड़े और अपराध बढ़ रहे हैं। यह न केवल पारिवारिक शांति को भंग कर रहे हैं, बल्कि सामाजिक सौहार्द को भी कमजोर कर रहे हैं।

भौतिक सुख और धन की अंधी दौड़ ने मनुष्य में भ्रष्टाचार, रिश्वतखोरी और शोषण को जन्म दिया है। वास्तव में लोभ ही अनैतिक आचरण की जड़ है,यह मनुष्य को समझना होगा।

वासना - आज के समाज में यौन अपराधों और अनैतिक संबंधों की प्रवृत्ति बढ़ती जा रही है। विडम्बना यह है कि रामायण का रावण, जिसने सीता-हरण किया, सीता को लंका की रानी बनाने की अनैतिक इच्छा भी रखी पर उसने कभी भी उन्हें जबरन हवस का शिकार नहीं बनाया। इसके विपरीत आज का विकृत मनुष्य- रिश्तों, उम्र और मर्यादाओं की परवाह किए बिना नारी की गरिमा को ठेस पहुंचा रहा है और अस्मिता को रौंद रहा है।

असत्य और छल - झूठ, वादाखिलाफी और धोखा आज जीवन का हिस्सा बनते जा रहे हैं, जिससे आपसी विश्वास टूट रहा है।

ईर्ष्या और द्वेष - भारत जैसे देश में जाति, धर्म, भाषा या वर्ग के आधार पर नफरत फैलाना, दूसरों की प्रगति से असहज होना, सामाजिक सौहार्द को कमजोर करना और विघटनकारी ताकतों को बल देने जैसी घटनाएं बढ़ती जा रही हैं।यह देश की प्रगति के लिए किसी भी दृष्टि से सही नहीं है।

अनुशासनहीनता - किसी भी समाज के व्यक्तियों द्वारा कानून और संविधान की अवहेलना, सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुँचाना, कानून को अपने हाथों में लेना किसी भी दृष्टि से उचित नहीं कहा जा सकता।हमारे देश में इस तरह की घटनाएं आए दिन देखने को मिलती हैं।क्या यह सामाजिक पतन का प्रतीक नहीं है? देश वासियों को इस पर विचार करना होगा ।

नशावृत्ति - शराब, ड्रग्स और जुए की लत व्यक्ति, परिवार और समाज तीनों के लिए हानिकारक है। इन्हें विकृत मानसिकता और अपराध का जनक भी कहा जाता। अत: मानव श्रेष्ठ के लिए इनसे बचना ही उचित है।

अनैतिक दोहन - रावण की तरह ही आज भी मनुष्य का एक बड़ा वर्ग अपनी शक्तियों और साधनों का दुरुपयोग कर प्रकृति, गरीबों और कमजोरों का शोषण कर रहा है।

स्वार्थपरता - व्यक्तिगत और पारिवारिक हितों को राष्ट्रहित से ऊपर रखना और दूसरों की पीड़ा के प्रति असंवेदनशील बने रहना आज की बड़ी समस्या है। इन बुराइयों से ग्रस्त व्यक्ति चाहे कितना ही सभ्य और शिक्षित क्यों न दिखाई दे, धीरे-धीरे मानव से रावण बनता जाता है। भगवद्गीता (16.4) में स्पष्ट कहा गया है दम्भो दर्पोऽभिमानश्च क्रोध: पारुष्यमेव च। अज्ञानं चाभिजातस्य पार्थ सम्पदामासुरीम इसका अर्थ यही है कि दम्भ (पाखंड), दर्प (अहंकार), अभिमान (घमंड), क्रोध, कठोरता और अज्ञानता आदि सब आसुरी स्वभाव के लक्षण हैं।वहीं महाभारत (शान्ति पर्व, 109.10) में कहा गया है कि धर्मं नानुचरन्ति ये ते नरा: पशवो हि ते। जिसका अर्थ है कि जो लोग धर्म का पालन नहीं करते, वे मनुष्य होकर भी पशु समान हैं।

## सेहत
# एलोवेरा से सेहत....



एलोवेरा पाचन क्रिया को सुधारता है, कब्ज से राहत दिलाता है, और शरीर के विषाक्त पदार्थों को बाहर निकालने में मदद करता है, जिससे रोग प्रतिरोधक क्षमता मजबूत होती है। यह हृदय स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद है, त्वचा को हाइड्रेट करता है, और मधुमेह और कोलेस्ट्रॉल को नियंत्रित करने में सहायता करता है। इसके अलावा, एलोवेरा एंटी-इंफ्लेमेटरी और एंटीऑक्सीडेंट गुणों से भरपूर होता है, जो इसे कई बीमारियों से बचाने में सहायक बनाता है।

### पाचन संबंधी लाभ

पाचन तंत्र को मजबूत करता है- एलोवेरा में मौजूद एंजाइम पाचन क्रिया को बेहतर बनाते हैं, जिससे पाचन तंत्र स्वस्थ रहता है।

कब्ज से राहत दिलाता है- यह पेट की सूजन, अपच और कब्ज जैसी समस्याओं को दूर करने में मदद करता है।

डिटॉक्सिफाई करता है- एलोवेरा शरीर से विषैले तत्वों को बाहर निकालने में सहायक होता है।

### प्रतिरक्षा प्रणाली और ऊर्जा

इम्यूनिटी बढ़ाता है- एलोवेरा में विटामिन ष्ट जैसे एंटीऑक्सीडेंट होते हैं, जो रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत करते हैं और शरीर को संक्रमण से बचाते हैं।

ऊर्जा प्रदान करता है- यह शरीर को ऊर्जावान बनाए रखने में मदद कर सकता है।

### अन्य स्वास्थ्य लाभ

रक्त शर्करा और कोलेस्ट्रॉल नियंत्रण- एलोवेरा रक्त शर्करा और कोलेस्ट्रॉल के स्तर को नियंत्रित करने में सहायता करता है।

हृदय स्वास्थ्य- इसके एंटी-इंफ्लेमेटरी और एंटीऑक्सीडेंट गुण हृदय को स्वस्थ रखने में मदद करते हैं।

त्वचा को हाइड्रेट करता है- एलोवेरा त्वचा को भीतर से हाइड्रेट करता है, जिससे त्वचा प्राकृतिक रूप से चमकदार बनती है।

वजन प्रबंधन- यह मेटाबॉलिज्म को तेज करने और विषाक्त पदार्थों को बाहर निकालने में मदद करके वजन नियंत्रण में सहायक हो सकता है।

## ज्ञानवाणी
# दो दोस्त

दोस्ती एक ऐसा अनमोल रिश्ता है जो खून से नहीं, बल्कि दिलों से जुड़ता है। सच्चा मित्र वही है जो हर परिस्थिति में साथ निभाए। इस बात को समझाने के लिए एक कहानी बहुत प्रसिद्ध है।

बहुत समय पहले की बात है। दो घनिष्ठ मित्र थे ङ्क अर्जुन और विजय। दोनों बचपन से ही साथ बड़े हुए थे। पढ़ाई, खेल और गाँव के कामों में हमेशा एक-दूसरे का साथ देते। उनकी गहरी दोस्ती देखकर लोग कहते थे कि यह दोनों कभी जुदा नहीं हो सकते।

एक दिन दोनों ने तय किया कि वे पास के शहर जाकर व्यापार के अवसर तलाशेंगे। उन्हें उम्मीद थी कि शहर में मेहनत करके अच्छा भविष्य बना सकेंगे। यात्रा शुरू हुई और वे जंगल के रास्ते से जाने लगे। यह जंगल घना और सुनसान था। दिन ढलने को था और धीरे-धीरे अँधेरा बढ़ रहा था।

चलते-चलते अचानक रास्ते में एक बड़ा भालू आ गया। दोनों मित्र घबरा गए। अर्जुन को पेड़ पर चढ़ना आता था, इसलिए उसने बिना समय गँवाए तुरंत एक ऊँचे पेड़ पर चढ़कर अपनी जान बचा ली। दूसरी ओर विजय को पेड़ पर चढ़ना नहीं आता था। उसने चारों ओर नज़र दौड़ाई लेकिन उसे कोई सुरक्षित जगह नहीं मिली।

विजय ने तुरंत एक उपाय सोचा। उसे याद आया कि भालू मरे हुए प्राणियों को नहीं खाता। इसलिए वह ज़मीन पर लेट गया और अपनी साँस रोक ली। वह बिलकुल स्थिर हो गया मानो मर गया हो। भालू उसके पास आया, सूँघा और समझा कि यह आदमी मर चुका है। इसलिए वह बिना कोई नुकसान पहुँचाए वहाँ से चला गया। भालू के जाने के बाद अर्जुन पेड़ से नीचे उतरा। वह थोड़ी हँसी मज़ाक के अंदाज़ में बोला -

अरे विजय, वह भालू तुम्हारे कान में क्या कह गया? ज़रूर कोई राज़ बताया होगा।

विजय गंभीर स्वर में बोला -

हाँ, उसने मुझे एक बड़ा राज़ बताया। उसने कहा -उन दोस्तों से सावधान रहो जो मुसीबत के समय तुम्हें अकेला छोड़कर अपनी जान बचा लें।

यह सुनकर अर्जुन शर्मिंदा हो गया। उसे अपनी गलती का एहसास हुआ। वह समझ गया कि संकट के समय उसने विजय को अकेला छोड़ दिया, जबकि सच्चा मित्र वही होता है जो मुश्किल में भी कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा रहे। उसने विजय से माफी माँगी और वादा किया कि अब कभी भी उसे अकेला नहीं छोड़ेगा।

शिक्षा

यह कहानी हमें एक बहुत गहरी सीख देती है। असली मित्र वही है जो कठिनाइयों में भी आपका साथ न छोड़े। जब सब कुछ अच्छा चल रहा हो, तब तो कोई भी मित्रता निभा सकता है। परंतु जब जीवन में परेशानी और संकट आते हैं, तभी सच्चे और नकली मित्र की पहचान होती है। इसलिए हमें मित्र चुनते समय सावधानी बरतनी चाहिए और स्वयं भी ऐसा मित्र बनना चाहिए जो दूसरों का साथ हर हाल में निभाए।

## आज की महत्वपूर्ण घटनाएं

1705 संसद ने घोषणा की, की हंगरी स्वतंत्र होने के बाद रकोजी राजा बनाया जायेगा।

1788 विलियम ब्रॉडी को एडिनबर्ग में टॉलबुथ में लटका दिया गया।

1800 एक गुप्त संधि में स्पेन ने लुइसियाना को फ्रांस में सौंप दिया गया।

1801 सैन इल्डेफोन्सो की तीसरी संधि पर हस्ताक्षर करने के साथ, स्पेन ने लुसियाना के औपनिवेशिक क्षेत्र को इटली के टस्कनी क्षेत्र के बदले फ्रांस को लौटा दिया।

1826 स्कॉटलैंड में मोंकलैंड और किर्किन्तिलोच रेलवे का उद्घाटन किया गया।

1829 केप टाउन में दक्षिण अफ्रीकी कॉलेज का उद्घाटन किया।

1843 विश्व की प्रत्येक खबर का प्रकाशन लंदन में आरम्भ किया गया।

1867 कार्ल मार्क्स की प्रसिद्ध पुस्तक दास कैपिटल प्रकाशित हुई।

1883 सिडनी हाई स्कूल (पहले लड़कों का पब्लिक स्कूल) सिडनी ऑस्ट्रेलिया में स्थापित किया गया।

1887 ब्रिटिश साम्राज्य ने बलूचिस्तान का कार्यभार संभाला।

1888 नेशनल ज्योग्राफिक पत्रिका का प्रकाशन पहली बार किया गया।

1890 संरक्षणवादी जॉन मुइर और लेखक रॉबर्ट अंडरवुड जॉनसन के आग्रह पर, संयुक्त राज्य कांग्रेस ने कैलिफोर्निया में योसेमाइट नेशनल पार्क की स्थापना की।

1890 कैलिफोर्निया के योसेमिटी नेशनल पार्क में कांग्रेस की स्थापना की गयी।

1891 स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय, रेल मैगनेट और कैलिफोर्निया के गवर्नर लेलैंड स्टैनफोर्ड और उनकी पत्नी जेन द्वारा स्थापित किया गया, जो कि पूर्व अलापोलो, कैलिफोर्निया में अपनी पूर्व भूमि पर आधिकारिक तौर पर 559 छात्रों और विदाई के साथ खुला था।

1892 शिकागो विश्वविद्यालय आईसीटी प्रथम श्रेणी में रखा गया।

## राशिफल



**मेष राशि-** आज का दिन आपके लिए खुशनुमा रहने वाला है। भाग्य में वृद्धि होने से आपका मन काफी खुश रहेगा। आप बुद्धि और विवेक से निर्णय लेकर लोगों को हैरान करेंगे। कोई कानूनी मामला यदि लंबे समय से आपको घेरे हुए थी तो वह खत्म होगी, आप उसमें किसी अनुभवी व्यक्ति से सलाह मशवरा अवश्य करें, जिसे आप समय से समाप्त करने की पूरी कोशिश करेंगे।



**वृष राशि:** आज आपका सामाजिक प्रयास बेहतर रहेंगे। आप कुछ नये प्रयास बेहतर रहेंगे। कार्यक्षेत्र में आपको लोगों का पूरा सहयोग मिलेगा। भगवान के भक्ति में आपका खूब मन लगेगा। आपको अपने किसी परिजन को धन देने से बचना होगा, नहीं तो इससे आपके आपसी रिश्ते भी खराब हो सकते हैं।



**मिथुन राशि :** आपके लिए सांसारिक सुख भोग के साधनों में वृद्धि लेकर आने वाला है। नौकरी में भी आपको प्रमोशन मिलेगा। आप खुलकर खर्च करेंगे, क्योंकि आपके पास धन की कोई कमी नहीं होगी, लेकिन फिर भी आप बेवजह खर्च करने से बचें। आप संतान को कहीं घुमाने लेकर जा सकते हैं।



**कर्क राशि:** आज का दिन आपके लिए नुकसानदायक रहने वाला है। आप जल्दबाजी के कारण कोई गड़बड़ी कर सकते हैं। आपने यदि बिजनेस से संबंधित कोई निर्णय लिया, तो इसके लिए बाद में आपको पछतावा होगा। घूमने-फिरने के दौरान आपको कोई महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त होगी।



**सिंह राशि:** आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। आप अपनी आंख और कान खुले रखकर कामों को करें, तो आपके लिए बेहतर रहेगा। प्रेम जीवन जी रहे लोगों को अपने साथी की ओर से कोई सरप्राइज गिफ्ट मिल सकता है। आप जिस काम में हाथ डालेंगे।



**कन्या राशि:** आज का दिन आपके लिए कला कौशल में निखार लेकर आएगा। आपके कामों की सराहना होगी और आपके हुनर को भी लोग पहचानेंगे। सामाजिक क्षेत्रों में कार्यरत लोगों को उनके कामों से एक नई पहचान मिलेगी। आपको धन को लेकर किसी के बहकावे में आने से बचना होगा। आप किसी सरकारी मामले में ढील दे सकते हैं।



**तुला राशि:** आज का दिन नौकरी में बदलाव के लिए बेहतर रहने वाला है। आप अपनी वाणी पर कंट्रोल रखें। आपके घर किसी अतिथि का आगमन होने से माहौल खुशनुमा रहेगा। बिजनेस में उतार चढ़ाव रहने से आपको टेंशन बनी रहेगी। आपको अपनी किसी पुरानी गलती से सबक लेना होगा।



**वृश्चिक राशि:** आज आपकी नेतृत्व क्षमता बढ़ेगी। जन कल्याण के कार्य में आपकी रुचि रहेगी। आपको माताजी से किसी किए हुए वादे को पूरा करना होगा। दान धर्म के कार्य में आपका काफी रुचि रहेगी और परिवार में किसी सदस्य की सेहत में गिरावट आने से भागदौड़ बनी रहेगी।



**धनु राशि:** आज का राशिफल आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला है। बिजनेस में दीर्घकालीन योजनाओं को गति मिलेगी। आपका कोई लंबे समय से रुका हुआ काम पूरा हो सकता है, लेकिन आपको नौकरी से संबंधित किसी काम को लेकर कहीं बाहर जाना पड़ सकता है। आपकी कोई पुरानी गलती परिवार के सदस्यों के सामने आ सकती है।



**मकर राशि:** आज का दिन आपके लिए जिम्मेदारी से काम करने के लिए रहेगा। परिवार में किसी शुभ और मांगलिक कार्यक्रम का आयोजन हो सकता है। आप अपनी किसी मनोकामना की पूर्ति के लिए कहीं बाहर जा सकते हैं। वाहनों के प्रयोग से आपको सावधान रहना होगा। माता पिता की सेवा के लिए भी आप कुछ समय निकालेंगे।



**कुंभ राशि:** आज का दिन आपके लिए बढ़िया रहने वाला है। आपकी सोच समझ से काम पूरे होंगे और परिवार में किसी नए मेहमान का आगमन हो सकता है। प्रॉपर्टी को लेकर कोई विवाद यदि लंबे समय से घेरे हुए था, तो उससे भी आपको छुटकारा मिलेगा। संतान पक्ष की ओर से आपको कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती हैं।



**मीन राशि:** आज का दिन आपके लिए ऊर्जावान रहने वाला है। आज आप पूरे जोश से कामों को करेंगे। आपकी कार्य क्षमता भी बेहतर रहेगी। आप की कुछ नए लोगों से नजदीकियां भी बढ़ेंगी। लोगों से आप प्रेम से काम निकालने में कामयाब रहेंगे। राजनीति में भी आपको कोई नया पद मिल सकता है।

## न्यूज ब्रीफ

### गिरिराज धाम कॉलोनी में सीवरेज लाइन जाम



**देवास।** मक्सी बायपास स्थित गिरिराज धाम कॉलोनी के रहवासी लंबे समय से जर्जर सीवरेज लाइन और टूटी सडक़ की समस्या से परेशान हैं। मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई में कॉलोनीवासियों ने जिला कलेक्टर के नाम आवेदन देकर त्वरित समाधान की मांग की। रहवासियों ने बताया कि करीब 20 साल पुरानी इस टाउनशिप की सीवरेज लाइन पूरी तरह डैमेज हो चुकी है। मिट्टी और कचरे से भरी नालियों का गंदा पानी चैंबर्स से ओवरफ्लो होकर सडक़ों पर फैलता रहता है। हालात इतने बिगड़ गए हैं कि लोगों का पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है। लगातार बहते पानी से सडक़ें पूरी तरह टूट चुकी हैं और जगह-जगह गड्ढे हो गए हैं। इसके कारण मच्छर-मक्खियों का प्रकोप बढ़ गया है और बुजुर्गों का बाहर निकलना भी चुनौतीपूर्ण हो गया है। धनपाल आर्य सहित बड़ी संख्या में रहवासी उपस्थित रहे।

### महिला मण्डल करेगी पथ संचलन का स्वागत

**देवास।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवकों द्वारा देवास नगर में विजयादशमी उत्सव पर निकलने वाले पारंपरिक पथ संचलन का पोरवाल महिला मण्डल की मातृशक्तियों द्वारा स्वागत किया जाएगा। मण्डल की दुर्गा पोरवाल ने बताया कि 2 अक्टूबर, गुरुवार को दशहरा मैदान पुलिस लाइन से निकलने वाले भव्य एवं दिव्य चल समारोह का गजरा गियर्स चौराहे पर मंच लगाकर पुष्पवर्षा से स्वागत किया जाएगा। मण्डल की माधुरी पोरवाल, शिखा पोरवाल, संतोष मजावदिया, शानू संघवी, प्रिया गुप्ता आदि ने पोरवाल समाज की सभी महिलाओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर स्वागत करने की अपील की है। उक्त जानकारी शिवकुमार संघवी ने दी।

### क्षिप्रा तट पर पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

**देवास।** श्रीजी बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ सेवा समिति ने सतत पौधारोपण करने का एक सराहनीय कदम उठाया है। मप्र शासन के राज्य आनंद संस्थान और आनंद विभाग के सहयोग से समिति ने सेवा पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत माँ क्षिप्रा के तट स्थित ज्योति कालोनी में बेलपत्र के पौधो का रोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। समिति की अध्यक्ष रूख्मणि परमार ने बताया कि यह पौधारोपण अभियान 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक चल रहे सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य समाज में स्वच्छता, सेवा भावना और जनकल्याण को बढ़ावा देना है। इस अवसर पर क्षिप्रा तट पर बेलपत्र के कुल 11 पौधों का रोपण किया गया। इस अवसर पर राज्य आनंदम की समन्वय डॉ. समीरा नईम, आकाश अग्रवाल, अंकित अग्रवाल, कैलाश अग्रवाल, मोहनलाल और नागू आदि उपस्थित थे।

### कबीर आश्रम में नई समिति का गठन, पुरानी समिति भंग

**देवास।** प्रताप नगर स्थित कबीर आश्रम प्रकाश नगर में गौशाला सेवा समिति का पुनर्गठन किया गया है। पुरानी समिति को भंग कर नई समिति का गठन किया गया है। देवास महंत देवीलालदास साहब को प्रताप नगर कबीर आश्रम का महंत नियुक्त किया गया है। महंत देवीलाल साहब ने जानकारी दी कि आश्रम अध्यक्ष का पद वे स्वयं संभालेंगे। नई समिति में महंत साहब के दीवान सोमु कटारिया, भंडारी बसंत कटारे, संरक्षक दयाराम चिलकी, पुजारी भेरूदास साहेब, साध्वी प्रिया जी (महिला संस्था व्यवस्था पक्ष), धापु बाई, भूरी बाई, सावत्रा बाई, दूलीचंद, सुनील पिता देवीलाल वारिस के रूप में शामिल किए गए हैं। इसके अतिरिक्त अनिल सोलंकी पिता पदम साहब और इंदर भैय्या प्रेस प्रचारक की जिम्मेदारी निभाएंगे।

### अवैध बायोडीजल पंप संचालन और मिलावट का आरोप

देवास। जिले में अवैध पेट्रोल-डीजल पंप संचालन और ईंधन में मिलावट को लेकर शिकायत सामने आई है। कलेक्टर देवास को दिए गए आवेदन में आरोप लगाया गया है कि नेमावर रोड 59 एनएम मातमोर बागली स्थित श्री कान्हा बायोडीजल पंप पर मिलावटी ईंधन बेचा जा रहा है। शिकायत के अनुसार, पंप पर पप्पू जायसवाल द्वारा डीजल गाडि़यों से निकालकर बेचा जाता है। पंप भले ही किसी अन्य नाम से पंजीकृत हो, लेकिन संचालन पप्पू जायसवाल करता है। इससे पहले भी पप्पू जायसवाल का नाम कई संदिग्ध पंपों से जुड़ चुका है। सारंगपुर के धनोरा स्थित साईं फ्यूल बायो पंप (पूजा जायसवाल के नाम से) पर 31 दिसंबर 2024 को छापा पड़ा था, जिसमें ईंधन का सैंपल फेल पाया गया था। इसी तरह श्री साईं नाथ फिलिंग स्टेशन दरखेड़ा रोड, जावर जो ज्योति जायसवाल के नाम से संचालित है, उसका भी संचालन पप्पू जायसवाल ही करता था और वहां भी कुछ महीने पहले सैंपल फेल हुआ था। शिकायतकर्ता ने प्रशासन से मांग की है कि श्री कान्हा बायोडीजल पंप की जांच कर कार्रवाई की जाए।

## कैलाश विजयवर्गीय संस्था अनंता के पंडाल में पहुंचे




**राष्ट्रीय हिन्दी मेल देवास।**

नवरात्रि उत्सव के अवसर पर संस्था अनंता द्वारा स्थापित भव्य पंडाल पर नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय जी पहुंचे।

मंत्री जी ने विधिविधान से माता जी की आरती में भाग लेकर पूजन किया एवं भक्तों के साथ आरती का लाभ लिया। इसके पश्चात वे श्रद्धालुओं के साथ आयोजित भंडारे में भी सम्मिलित हुए। संस्था के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने मंत्री जी का स्वागत कर आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष रायसिंह सेंधव, पूर्व जिला अध्यक्ष बहादुर मुकाती, राजीव खंडेलवाल, जिला महामंत्री राजेश यादव, नेता सत्ता पक्ष मनीष सेन, गौतम सिंह राजपूत, सुमेर दरबार, जगदीश विजयवर्गीय, संस्था अध्यक्ष एडवोकेट अजय सिंह सेंधव, लोकेंद्र टांक सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। उक्त जानकारी अजय सिंह सेंधव ने दी।

## धूमधाम से निकलेगा नवदुर्गा विसर्जन चल समारोह

**राष्ट्रीय हिन्दी मेल देवास।**

शारदीय नवरात्रि के समापन और विजयादशमी के उपरांत शहर में आस्था और उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिलेगा। आगामी 3 अक्टूबर, शुक्रवार को माता जी की प्रतिमाओं का ऐतिहासिक सार्वजनिक विसर्जन चल समारोह पूरे उत्साह और भव्यता के साथ निकाला जाएगा।

चल समारोह का शुभारंभ श्री खेड़ापति मारुति मंदिर, एमजी रोड से विधिवत पूजा-अर्चना के साथ होगा। इसके बाद माता टेकरी से आने वाले रथ में विराजित माता के मुखौटे का विशेष पूजन और आतिशबाजी से माहौल भक्तिमय और रोशन किया जाएगा।

खेड़ापति नवदुर्गा उत्सव समिति के हरिनारायण विजयवर्गीय ने शहर की समस्त नवदुर्गा समितियों से आह्वान किया है कि वे अधिक से अधिक संख्या में माता प्रतिमाएँ चल समारोह में शामिल करें, ताकि वर्षों पुरानी इस परंपरा की भव्यता बरकरार रहे। समिति द्वारा खेड़ापति मंदिर पर विशेष मंच तैयार किया जाएगा, जहाँ विभिन्न समिति प्रमुखों और अखाड़ों के प्रमुखों का सम्मान साफा बांधकर किया जाएगा। इसके अलावा, श्रद्धालुओं के लिए हजारों आलूबड़े का प्रसाद वितरित किया जाएगा, जिससे वातावरण और भी श्रद्धामय और आनंदमय बनेगा।



**60 वर्षों से माँ कालका की भव्य आराधना का सिलसिला जारी**

## नवरात्रि महापर्व में उमड़ा आस्था का सैलाब

### दिन में पाँच बार बदलता है माँ का स्वरूप

**राष्ट्रीय हिन्दी मेल देवास।**



उज्जैन रोड स्थित प्रसिद्ध गणेश मंदिर परिसर इन दिनों माँ कालका की भक्ति में रंगा हुआ है। जय माँ कालका युवा ग्रुप द्वारा शारदीय नवरात्रि के पावन अवसर पर माँ कालका की स्थापना भव्यता के साथ की गई है। यह परंपरा बीते 60 वर्षों से अनवरत जारी है, जिसने अब एक भव्य महोत्सव का रूप ले लिया है। समिति के लखन भौंसले ने बताया कि माँ कालका की दिव्य और आकर्षक प्रतिमा हर वर्ष मंदिर प्रांगण में ही विशेष कलाकारों द्वारा तैयार की जाती है। इस अद्वितीय प्रतिमा को बनने में चार माह का समय लगता है। सबसे खास बात यह है कि माँ कालका का चेहरा दिन में चार से पाँच बार बदलता है, जो भक्तों के लिए एक अलौकिक अनुभव होता है। नवरात्रि के दौरान प्रतिदिन सुबह और शाम आरती, सप्तमी व नवमी को विशाल भंडारा, और दशहरे पर कन्यापूजन के पश्चात भंडारे का आयोजन होता है। वहीं ग्यारस को भव्य विसर्जन चल समारोह के साथ माँ की प्रतिमा का विसर्जन किया जाता है। दीपावली के दिन भी यहाँ माँ कालका की एक दिवसीय विशेष स्थापना होती है, जिसकी शुरुआत वर्ष 2014 में की गई थी।

इसके अलावा चैत्र नवरात्रि में भी ग्रुप द्वारा इसी भक्ति भाव के साथ माँ कालका की स्थापना की जाती है। भक्तों का अटूट विश्वास है कि माँ कालका अपनी दिव्य कृपा से सभी मनोकामनाएँ पूर्ण करती हैं। नवरात्रि के इस पावन पर्व पर मंदिर परिसर भक्तिमय वातावरण से गूंज रहा है और श्रद्धालुओं की भीड़ दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है।

## शासकीय कन्या हाई स्कूल में स्वास्थ्य शिविर जांच और उपचार किया



**रतलाम।** रतलाम जिले के शासकीय एकीकृत कन्या हाई स्कूल नामली में सोमवार को स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान अंतर्गत स्कूली बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण आवश्यक जांच एवं उपचार किया गया तथा सी एच ओ अक्षय दहिया की उपस्थिति में चिकित्सा सेवा तथा स्वास्थ्य शिक्षा दी गई ।

## गरबा पाण्डालों में महिलाओं और किशोरी बालिकाओं की स्वास्थ जांच की

**राष्ट्रीय हिन्दी मेल नीमच।**



कलेक्टर हिमांशु चंद्रा के मार्गदर्शन में जिले में आयोजित सेवा पखवाड़ा स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान के तहत स्वास्थ्य विभाग द्वारा नवाचार करते हुए नीमच शहर के गरबा पाण्डालों में स्वास्थ विभाग की टीम लगाकर महिलाओं और किशोरी बालिकाओं की स्वास्थ तथा हीमोग्लोबीन की जांच की गई है। साथ ही उन्हें स्वास्थ की उचित देखभाल करने के संबंध में भी जाकरूक किया गया।

नीमच के गरबा पाण्डालों में एएनएम स्वास्थ्य कार्यकर्ता, शहरी आशा कार्यकर्ता द्वारा 385 महिलाओं का हीमोग्लोबीन परीक्षण किया तथा 110 महिलाओं की बी.पी. 45 महिलाओ की शुगर की जॉंच की गई है। गॉंधी वाटिका नीमच, इंदिरा नगर नीमच, राठौर परिसर नीमच, विकास नगर नीमच, बघाना नीमच आदित्य स्टेट नीमच, नीमच सिटी गरबा पांडाल मे एएनएम स्वास्थ्य कार्यकर्ता शहरी आशा कार्यकर्ता द्वारा गरबा पांडाल मे आने वाली महिलाओं, किशोरी बालिकाओं का एचबी परीक्षण बीपी शुगर की जॉच एंव परामर्श सेवाऐ प्रदान की गई है।

## एचआईवी एड्स जागरूकता रैली एवं नुक्कड़ नाटक कर ग्रामीणों को संदेश दिया

**राष्ट्रीय हिन्दी मेल मंदसौर।**



प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय मंदसौर के प्राचार्य डॉ. जे.एस. दुबे ने बताया की रेड रिबन क्लब एवं रासेयो इकाई के संयुक्त तत्वावधान में ग्राम धारियाखेड़ी में एचआईवी, एड्स संक्रमण से बचाव और जागरूकता हेतु विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम की शुरुआत रैली से हुई, जिसमें ग्रामीणों को एचआईवी,एड्स से बचाव के संदेश दिए गए।

इसके पश्चात ग्राम पंचायत धारियाखेड़ी में संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें भाजपा मंडल अध्यक्ष नेपाल सिंह ने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। ग्राम सरपंच चंदर सिंह सिसोदिया ने गांव में एड्स जागरूकता हेतु सहयोग का पूरा आश्वासन दिया। इस अवसर पर जिला एड्स काउंसलर राजेश रजक ने एचआईवी,एड्स के कारण, लक्षण और परिणामों पर विस्तार से जानकारी दी। साथ ही, उन्होंने सुरक्षित जीवनशैली और सावधानियों को अपनाने पर बल दिया।

उन्होंने कहा कि एड्स पीड़ित व्यक्ति हेल्पलाइन 1097 पर कॉल कर निःशुल्क परामर्श ले सकता है। स्वयंसेवकों ने ग्राम और शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर ग्रामीणों को संदेश दिया कि एड्स मुख्यतः चार कारणों से फैलता है असुरक्षित यौन संबंध से, संक्रमित सुई,सीरिंज के उपयोग से, संक्रमित रक्त चढ़ाने से, एचआईवी संक्रमित गर्भवती महिला से शिशु में।

इसके अलावा स्वयंसेवकों ने गांव की दीवारों पर एड्स जागरूकता संबंधी स्लोगन भी लिखे और गाँव में एड्स जागरूकता संबंधी पेम्प्लेट्स वितरित किए। कार्यक्रम में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय धारियाखेड़ी की प्राचार्या नताशा वाजपेई, दिलीप सिंह (समाजसेवी), सचिव विक्रम पाटीदार, सहायक सचिव विजय दहेरा, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अनिल कुमार आर्य सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी और ग्रामीण उपस्थित रहे।

**श्रीराम की शोभायात्रा के साथ होगा 51 फीट रावण दहन**

## ज्वाला दशहरा उत्सव समिति के तत्वाधान में आकर्षक रथ

**राष्ट्रीय हिन्दी मेल देवास।**

श्री गुजराती रामी माली समाज ज्वाला दशहरा उत्सव समिति के तत्वावधान में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी भव्य दशहरा उत्सव का आयोजन होने जा रहा है। समिति के संयोजक, पार्षद प्रतिनिधि अजय पडियार ने बताया कि 2 अक्टूबर (गुरुवार) शाम 7 बजे मालीपुरा में भगवान श्रीरामजी की भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी, जिसके उपरांत 51 फीट ऊँचे रावण का दहन किया जाएगा।

शोभायात्रा शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए गुजरेगी, जिसमें आकर्षण के मुख्य केंद्र 30 फीट ऊँचा चलित रावण की झांकी, 25 फीट का चलित हनुमान जी का स्वरूप, फूलों से सजा हुआ प्रभु श्रीरामजी का भव्य बंगला, आकर्षक रथ



एवं विभिन्न मनमोहक झांकियां रहेगी। साथ ही, गुजरात एवं इंदौर से आमंत्रित ढोल ताशा पार्टियां अपनी धुनों से माहौल को और भी उत्साहपूर्ण बनाएंगी। शोभायात्रा के पश्चात महा आरती एवं प्रसादी वितरण किया जाएगा तथा मालीपुरा चौराहा पर विशाल 51 फीट के रावण का दहन संपन्न होगा। पार्षद प्रतिनिधि अजय पडियार ने नगर एवं जिलेवासियों से आग्रह किया है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस ऐतिहासिक शोभायात्रा और रावण दहन कार्यक्रम को सफल बनाएं।

## तलाई में डूबे युवक का शव मिला, नहाने के दौरान हुई थी मौत

**देवास।** जिले के बरोठा थाना क्षेत्र में सिरोल्या और धामंदा मार्ग पर स्थित एक तलाई में सोमवार शाम एक युवक की डूबने से मौत हो गई। युवक अपने दोस्त के साथ नहाने गया था, तभी यह हादसा हुआ। जानकारी के अनुसार, सोमवार शाम करीब 6 बजे दो दोस्त तलाई में नहाने गए थे। इसी दौरान एक युवक गहरे पानी में चला गया और संतुलन बिगडऩे से डूब गया। उसके दोस्त ने आसपास के ग्रामीणों को घटना की सूचना दी, जिसके बाद ग्रामीणों ने डायल 112 को सूचित किया। देर शाम घटनास्थल पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। मृतक की पहचान मल्हार कॉलोनी, आड़ी पट्टी निवासी 24 वर्षीय बबलू पिता मोहन कल्याणे के रूप में हुई है।

**विजयादशमी पर देवास नगर के संचलन में 100 से अधिक वाहिनियां रहेंगी**

## शताब्दी वर्ष पर संचलन में 32 बस्तियों में हजारों स्वयंसेवक सहभागी होंगे

**राष्ट्रीय हिन्दी मेल देवास।**



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवकों द्वारा देवास नगर में विजयादशमी उत्सव पर प्रतिवर्ष निकाला जाने वाला पारंपरिक पथ संचलन इस वर्ष 2 अक्टूबर, गुरुवार को दशहरा मैदान पुलिस लाइन से निकाला जाएगा। इस विजयादशमी उत्सव में मुख्य अतिथि प्रसिद्ध शल्य चिकित्सक डॉ गिरीश मालवीय एवं मुख्य वक्ता मध्य क्षेत्र के क्षेत्र प्रचारक स्वप्निल जी कुलकर्णी रहेंगे। इस वर्ष संघ स्थापना के सौ वर्ष पूरे हो रहे हैं, संघ के शताब्दी वर्ष के आयोजन इस विजयादशमी उत्सव से प्रारंभ होंगे। देवास नगर के इस पथ संचलन का स्वरूप इस वर्ष विराट रहने वाला है, विगत कुछ वर्षों से देवास नगर में संचलन बस्तीश- निकाले जाते रहे है, इस वर्ष पूरे देवास नगर का एक ही संचलन निकलेगा, जिसमें सभी 32 बस्तियों के हजारों स्वयंसेवक सम्मिलित होंगे। ध्वज वाहिनी,घोष वाहिनीयों सहित सौ से अधिक वाहिनियो में हजारों स्वयंसेवकों का यह संचलन चार किलोमीटर से अधिक लंबा रहने वाला है जो नगर के प्रमुख मार्गों को तय करेगा।

संचलन पुलिस लाइन दशहरा मैदान से प्रारंभ होकर वर्तमान मीना बाजार के पास से राधागंज के बी.एन.पी.रोड से राम-कृष्ण चौराहा होते हुए भोपाल चौराहा,नाहर दरवाजा,नयापुरा,जनता बैंक,सुभाष चौक,नावेल्टी चौराहा, तहसील चौराहा, नगर निगम कार्यालय, लाल गेट से स्टेशन रोड की ओर मुडक़र गजरा गियर चौराहा,गायत्री मंदिर से पुन- पुलिस लाइन दशहरा मैदान पहुंचेगा। शताब्दी वर्ष पर निकलने वाला यह संचलन पंच परिवर्तन के विषयों सामाजिक समरसता,कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण संरक्षण,नागरिक कर्तव्य एवं स्व के भाव के जागरण पर केंद्रित रहेगा। इस हेतु कार्यक्रम स्थल पर गो उत्पाद,स्वदेशी उत्पाद एवं राष्ट्रीय साहित्य के अस्थाई विक्रय केंद्र भी लगाएं जाएंगे।

कार्यक्रम स्थल पर संघ के 100 वर्षों की यात्रा,सेवा कार्य सहित अन्य विषयों की एक प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी। इस संचलन की तैयारी हेतु नगर के स्वयंसेवक शाखा के अतिरिक्त प्रतिदिन 5 से 6 घंटे दे रहे हैं. स्वयंसेवक टोली में प्रत्येक मोहल्लों में घर-घर जाकर संचलन में सहभागी होने का आग्रह कर रहे हैं।

जिले के आठ अन्य स्थानों पर भी विजयादशमी पर नगर एवं मंडल संचलन निकलेंगे इसी प्रकार 2 अक्टूबर को देवास जिले के हाटपिपलिया, पिपलरवा, टोंकखुर्द में नगर संचलन के साथ ही डेरिया साहू, गन्धर्वपुरी, सादिखेडा एवं क्षिप्रा मंडलों के मंडल संचलन निकलेंगे। सोनकच्छ नगर में बाल संचलन भी विजयादशमी के दिन ही निकलेगा,जिसमें छोटे छोटे बच्चे सहभागी होंगे।

## खाद्य, औषधि अभियान के तहत कार्यशाला में जागरूकता पर जोर दिया

**राष्ट्रीय हिन्दी मेल शाजापुर।**

एफएसएसएआई लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के निर्देश अनुसार स्वस्थ्य नारी सशक्त परिवार अभियान 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर 25 तक महिलाओं के स्वास्थ्य एवं पोषण को सुदृढ़ करने तथा परिवार, समुदायों को सशक्त करने के उद्देश्य से संचालित किया जा रहा है। जिसमें गर्भवती एवं धात्री महिलाओं और बच्चे के पोषण तथा नमक, तेल एवं चीनी के अधिकता में सेवन से होने वाले मोटापा को रोकने के जन जागरूकता की जरूरत पर जोर दिया जा रहा है। आयोजित कार्यक्रम में खाद्य एवं औषधि प्रशासन द्वारा जिला चिकित्सालय में नर्सिंग स्टाफ की उपस्थिति में फूड अवेयरनेस कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें खाद्य सुरक्षा अधिकारी एमके वर्मा, और केएल कुम्भकार उपस्थित रहे। शिविर में उपस्थित जन सामान्य को विभाग द्वारा ईट राईट अभियान, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा चीनी नमक तेल को कम करते हुये मोटापे को घटाने, मिलेट्स आदि को प्राथमिकता देने के लिये जन जागरूक किया गया।

जन समान्य को सही भोजन को चुनते हुए जीवन को बेहतर बनाने हेतु जानकारी दी गई एवं महिलाओं को विशेष रूप से एनीमिया एवं डाईट के संबंध में जागरूक किया गया। खाद्य पदार्थों में होने वाली मिलावट की जानकारी देते हुए कुछ साधारण परीक्षणों का प्रदर्शन करते हुए मिलावट को पहचनाने के उपयों का प्रदर्शन करना रहा। फास्ट फूड, जंक फूड, के स्थान पर अन्न तथा पारंपरिक खान पान को बढ़ावा देना। स्वदेश तथा स्थानीय उत्पादों के उपयोग पर ध्यान देने की जरूरत है।

## न्यूज ब्रीफ

### अभियान के अंतर्गत विशेषज्ञ शिविर आयोजित



**झाबुआ।** स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के अंतर्गत उन्नत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पिटोल में विशेषज्ञ चिकित्सा स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। जिसमें स्त्री रोग, शिशु रोग, एमडी मेडिसीन, जनरल सर्जन, हड्डी रोग, क्षय रोग, नेत्र रोग, दंत रोग इत्यादि विशेषज्ञ के द्वारा सेवाएं प्रदान की गईं। किशोरी बालिकाओं को माहवारी एवं स्वच्छता पर परामर्श प्रदान किया। इस दौरान शिविर का निरीक्षण मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बी एस बघेल, जिला कार्यक्रम प्रबंधक आर आर खन्ना, कैलाश चरपोटा सीपीएचसी सलाहकार के द्वारा किया गया।

### पात्रता परिवारों को राशन 5 अक्टूबर तक किया जाएगा

**धार।** राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 अंतर्गत सम्मिलित पात्रता पर्चीधारी परिवारों को माह सितम्बर, 2025 का राशन वितरण किया जा रहा है। माह सितम्बर का वितरण 30 सितंबर तक की अवधि में किया जाना था, परन्तु अत्याधिक वर्षा एवं उचित मूल्य दुकान के विक्रेताओं की हडताल होने के कारण पात्र हितग्राही माह सितम्बर, 2025 की खाद्यान्न सामग्री वितरण से वंचित न रहे इसलिये राज्य शासन द्वारा इस संबंध में निर्णय लेते हुए माह सितम्बर, 2025 के राशन वितरण की 5 अक्टूबर तक की गई है। उक्त संबंध कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 अंतर्गत शेष रहे पात्रता पर्चीधारी परिवारों से अनुरोध किया है कि माह सितम्बर, 2025 का राशन दिनांक 5 अक्टूबर, 2025 तक नजदीकी शासकीय उचित मूल्य दुकान पर जाकर प्राप्त कर सकते है।

### महिलाओं और बच्चों का किया स्वास्थ्य परीक्षण



**खरगोन।** कलेक्टर सुश्री भव्या मित्तल के निर्देशन तथा जिला आयुष अधिकारी डॉ. वासुदेव आसलकर के मार्गदर्शन स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार एवं पोषण पखवाड़ा अंतर्गत 30 सितम्बर 2025 को आयुष्मान आरोग्य मंदिर बोरावां द्वारा ग्राम बोरावां के आंगनवाड़ी केंद्र बेडिपुरा में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में एएमओ डॉ. कैलाश शाक्ले एवं सीएएमओ डॉ. रोहित ठाकुर ने महिलाओं को महिलाओं में प्रचलित रोगों एवं उनके बचाव संबंधी विस्तृत जानकारी प्रदान की। साथ ही उन्होंने आयुर्वेद के अनुसार स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया। शिविर में उपस्थित 28 महिलाओं एवं बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण कर निःशुल्क औषधियों का वितरण किया गया। इस अवसर पर औषधि संयोजक रामेश्वरम कास्डे, दवासाज गुलाबचंद मुजाल्दे, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका का विशेष सहयोग रहा।

### सेगांव में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**खरगोन।** सेगांव विकासखण्ड के ग्राम सेगांव में 5 अक्टूबर 2025 को निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया जाएगा। इस शिविर में संभाग स्तरीय विभिन्न विधाओं के डॉक्टर उपस्थित रहेंगे। कलेक्टर सुश्री भव्या मित्तल ने सेगांव में आयोजित हाने वाले निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर के सम्पूर्ण कार्यक्रम के लिए जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी आकाश सिंह एवं अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अनुविभाग भगवानपुरा वीरेन्द्र सिंह कटारे को संयुक्त रूप से नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। स्वास्थ्य शिविर के लिए विभिन्न अधिकारियों को दायित्व सौंपे गए हैं। जिनमें मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को स्वास्थ्य परीक्षण, डॉक्टर और स्वास्थ्यकर्मियों की ड्यूटी, उपकरणों की व्यवस्था, पंजीयन, जांच और दवाई वितरण व्यवस्था और उप संचालक सामाजिक न्याय को दिव्यांगजनों के लिए पृथक काउण्टर तैयारी सहित अन्य कार्य की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

### गांधी जयंती पर शुष्क दिवस घोषित

**बुरहानपुर।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री हर्ष सिंह ने म.प्र. आबकारी अधिनियम के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए 2 अक्टूबर, 2025 महात्मा गांधी जयंती पर जिले में संपूर्ण दिवस के लिये शुष्क दिवस घोषित किया है। निर्देशानुसार घोषित शुष्क दिवस 2 अक्टूबर, 2025 को बुरहानपुर जिले की समस्त कम्पोजिट मदिरा दुकाने, एफ. एल-2 आनंद रेस्टोरेंट खण्डवा रोड, एफ-3 होटल हाईराईज रेजेन्सी यूनिट ऑफ गुरुसिख लाईजर पेराडाईज एल.एल.पी गुरुसिख मॉल टेलीफोन एक्सचेंज के पास शनवारा सिंधीबस्ती रोड, एफ.एल-3 अंबिका रेसीडेंसी अमरावती रोड, एवं फेन्चाइजी रिटेल आउटलेट वाईन शॉप तथा देशी मदिरा भांडागार बुरहानपुर से मदिरा का क्रय विक्रय एवं परिवहन पूर्णतः प्रतिबंधित किया गया है।

---

#### जनसुनवाई में 26 आवेदकों की सुनी समस्याएं, अधिकारियों को दिये निराकरण के निर्देष

## पीएम आवास योजना के तहत स्वीकृत आवास के हतग्राहियों को राशि की मांग

**राष्ट्रीय हिन्दी मेल खरगोन।**



प्रत्येक मंगलवार को होने वाली जनसुनवाई की कड़ी में 30 सितंबर को कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनसुनवाई का आयोजन किया गया। इसमें जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी आकाष सिंह, अपर कलेक्टर रेखा राठौर, संयुक्त कलेक्टर हेमलता सोलंकी एवं एसडीएम वीरेन्द्र कुमार कटारे ने अन्य अधिकारियों के साथ आवेदकों की समस्याओं को सुना और संबंधित अधिकारियों को उनका त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए।

जनसुनवाई में 26 आवेदक अपनी समस्याएं लेकर आए थे। जनसुनवाई में कसरावद जनपद की ग्राम पंचायत सामेडा के ग्राम कोगांवा के ग्रामवासियों ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत स्वीकृत आवास के हतग्राहियों से राशि भुगतान करने एवं आवास की फोटो लेने तथा आगे बढ़ाने के लिए सरपंच एवं ग्राम रोजगार सहायक द्वारा राशि की मांग की जा रही है। ग्रामवासियों का कहना है कि राशि नहीं देने पर उनके कार्य लंबित रखे जा रहे हैं। ग्रामीणों ने जांच दल से जांच कराने एवं कार्यवाही की मांग की है। इस संबंध में जनपद सीईओ को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देष दिए हैं।

खरगोन की नूतन नगर निवासी लताबाई राठौर ने जनसुनवाई में अधिकारियों को बताया कि उन्होंने नए विद्युत कनेक्शन के लिए 14 अगस्त 2025 को ऑनलाइन 2961 रुपये की राशि जमा की थी। एक माह बीत जाने के बाद भी उन्हें कनेक्शन नहीं दिया गया है और अनावश्यक परेशान किया जा रहा है। लता बाई का कहना है कि विभाग वाले ट्रांसफार्मर लगाने की बात कहते है तो पूर्व में राषि क्यों जमा कराई गई। कॉलोनी शहर के बीचों-बीच स्थित है और विभागीय कार्यालय के पीछे ही है। उन्होंने स्थाई विद्युत कनेक्शन दिलाने की मांग की है।

जनसुनवाई में भगवानपुरा तहसील के सोमालिया पिता स्व. तेलसिंह निवासी ग्राम बलवाड़ी ने आवेदन प्रस्तुत कर बताया कि उनकी कृषि भूमि ग्राम बलवाड़ी ह.नं. मोहना खसरा नंबर 19/1 रकबा 1.6100 हे. एवं ग्राम जसवंतपुर खसरा नंबर 80/1 रकबा 4.9490 हे. राजस्व रिकार्ड में दर्ज है। सोमालिया ने बताया कि ऑनलाईन रिकॉर्ड में उनकी भूमि का नक्शा गलत दर्शाया गया है, जबकि मौके पर वे सही होकर काबिज हैं। इस संबंध में उन्होंने भगवानपुरा तहसील कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत किया था, लेकिन आज दिनांक तक कोई कार्यवाही नहीं की गई। सोमालिया ने उनकी कृषि भूमि का नक्शा सही कराए जाने की मांग की।

### हार्टिकल्चर क्लस्टर विकास कार्यक्रम के तहत पात्र संस्थाओं से प्रविष्टियां आमंत्रित

**खरगोन।** भारत सरकार, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, राष्ट्रीय बागवानी बोर्ड द्वारा 'हॉर्टिकल्चर क्लस्टर विकास कार्यक्रम' संचालित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम का प्रमुख उद्देश्य बागवानी उत्पादों के उत्पादन, गुणवत्ता, मूल्य संवर्धन एवं विपणन को प्रोत्साहित कर कृषकों की आय में वृद्धि करना है। इसके अंतर्गत मल्टी, कमोडिटी हाई-वैल्यू क्लस्टर एवं पैरी अर्बन क्लस्टर की पहचान एवं विकास किए जाने का प्रावधानिक किया गया। उप संचालक उद्यान केके गिरवाल ने बताया कि योजनान्तर्गत मुख्य उद्यानिकी फसलें मिर्च, टमाटर, केला, पपीता एवं पत्तागोभी, फूलगोभी, भिण्डी, बैगन, केप्सीकम, ककड़ी, कदूवर्गीय, फसले, धनिया, नीबू, अदरक, लहसुन आदि तथा वैकल्पिक फसले जैसे कटहल, बीन्स, सूरजना, चुकंदर, आदि को चयनित किया गया है। योजना अंतर्गत क्लस्टर निर्माण की कार्यान्वयन एजेंसी के रूप में कार्य करने हेतु पात्र उत्पादक संगठनों के साथ उनके संघ, सहकारी समितियां, पार्टनरशिप फर्म, संगठन आदि संस्थाएँ पात्र होगे, जिनका फार्म गेट मूल्य 100 करोड़ तक होना चाहिए एवं आवेदक को परियोजना लागत का 20 प्रतिशत शेयर स्वयं वहन करने का प्रावधान है।

---

#### पर्सनल हाइजीन एवं संतुलित आहार पर जागरूकता सत्र

## पीजी कॉलेज में उमंग हेल्थ एवं वैलनेस कार्यक्रम अंतर्गत हुआ आयोजन



**राष्ट्रीय हिन्दी मेल खरगोन।**

प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस खरगोन में उमंग हेल्थ एवं वैलनेस कार्यक्रम के तहत क्रीड़ा विभाग एवं महिला सशक्तिकरण समिति के संयुक्त तत्वावधान में छात्राओं के लिए पर्सनल हाइजीन एवं संतुलित आहार विषय पर जागरूकता सत्र का आयोजन किया गया जिसमें स्वास्थ्य विभाग के विशेषज्ञ चिकित्सकीय दल ने छात्राओं को जीवनशैली से जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं पर मार्गदर्शन दिया।

सत्र की वक्ता डॉ. कामिनी पंवार ने छात्राओं को संतुलित आहार से जुड़ी जानकारी विस्तार से दी। उन्होंने बताया कि कैसे रोज़मर्रा के भोजन में पोषक तत्वों का संतुलन, पर्याप्त पानी का सेवन और नियमित दिनचर्या से स्वास्थ्य को बेहतर बनाया जा सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि छोटी-सी लापरवाही लंबे समय में गंभीर बीमारियों का कारण बन सकती है। डॉ. किरण डोडवे ने छात्राओं को व्यक्तिगत स्वच्छता (पर्सनल हाइजीन) के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने खासतौर से माहवारी के समय अपनाई जाने वाली स्वच्छ आदतों, साफ-सफाई, सुरक्षित साधनों के उपयोग और मानसिक स्वास्थ्य के महत्व पर चर्चा की। उन्होंने बताया कि नियमित और सही स्वच्छता आदतें अपनाकर कई गंभीर रोगों से बचाव किया जा सकता है।

### कलेक्टर एवं एसपी ने किया विसर्जन स्थलों का मौका-मुआयना

**बुरहानपुर।** कलेक्टर हर्ष सिंह एवं पुलिस अधीक्षक देवेन्द्र पाटीदार ने संयुक्त रूप से विसर्जन स्थलों का मौका-मुआयना किया। उन्होंने की जा रही तैयारियों का अवलोकन करते हुए आवश्यक जानकारी ली। विदित है कि, जिले में शारदीय नवरात्रि अंतर्गत देवी प्रतिमाओं का विसर्जन आयुर्वेद कॉलेज के पास कुण्ड स्थल एवं जैनाबाद फाटा कुण्ड स्थल पर किया जायेगा। जिला प्रशासन एवं पुलिस विभाग द्वारा विसर्जन स्थलों पर व्यवस्थाओं को लेकर तैयारियां चल रही है।व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देशकलेक्टर हर्ष सिंह ने विसर्जन स्थलों पर पीडब्ल्यूडी विभाग को बेरिकैटिंग्स करने, नगर निगम को पेयजल व्यवस्था, तखत, सहयोग हेतु क्रन-पोकलेन इत्यादि की व्यवस्था करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि, विर्सजन स्थलों पर होमगार्ड जवान, गोताखोरों, नाव, मेडिकल फेसिलिटी, पार्किंग, लाईट एण्ड साउंड, पहुंच मार्ग समतलीकरण आदि व्यवस्थायें सुनिश्चित की जायें। पूर्वाभ्यास करने के निर्देशपुलिस अधीक्षक देवेन्द्र पाटीदार ने यातायात व्यवस्थाओं को लेकर तैयारी करने के निर्देश दिये।

## रबी सीजन के लिए खाद बीज भंडारण की समीक्षा की

**राष्ट्रीय हिन्दी मेल अलीराजपुर।**



कलेक्टर डॉ अभय अरविंद बेडेकर की अध्यक्षता मे कृषि विभाग ओर सहकारिता विभाग, जिला सहकारी बैंक व बी प्रबंधको की समीक्षा बैठक का आयोजन कलेक्टर कक्ष मे आयोजित की गई।

इस दौरान कलेक्टर डॉ बेडेकर द्वारा उप संचालक कृषि से रबी रकबे व खाद बीज की उपलब्धता की जानकारी प्राप्त की। डीडीए सज्जन सिंह चौहान द्वारा बताया गया कि रबी मे गत वर्ष से रकबा बढ़कर 92000 हे. संभावित है। बीज की 63000 क्विंटल मांग संभावित हैं। तथा बैंक से समितियों मे रबी सीजन हेतु खाद बीज भंडारण की समिति वार जानकारी प्राप्त की गई।बैंक नोडल अधिकारी राजेश राठौड़ द्वारा बताया गया कि आलीराजपुर जिले की 26 समितियों में यूरिया, डीएपी, सुपर खाद का पर्याप्त भंडारण करवाया जा रहा है तथा बीज गेहूं चना की मांग एकत्रित कर कृषि विभाग के मार्गदर्शन अनुसार भंडारण की कार्यवाही की जा रही हैं। इस दौरान कलेक्टर डॉ बेडेकर ने समिति प्रबंधको को निर्देशित किया गया कि उत्तम कवालीटी का अच्छा गेहूं चना बीज कृषि विभाग के मार्गदर्शन अनुसार भंडारण करावे। जिले में किसानों को खाद बीज की कमी नहीं रहे । इस दौरान उपायुक्त सहकारिता व नोडल बैंक अंतर्गत की प्रगति की जानकारी दी गई। वर्तमान मे कुल 26 मे से 10 का ईयर एंड होकर आडिट हो चुका है। शेष मे से आमखूट रोल बेक है तथा झीरण व आलीराजपुर की हो जावेगी, शेष वालपुर,उमराली, उदयगढ, कुंडलवासा, जोबट, कनवाडा, बडीखटटाली, आंबुआ, नानपुर, चांदपुर, कटठीवाडा, छकतला, बखतगढ़ है।

इस दौरान कलेक्टर डॉ बेडेकर द्वारा एक सप्ताह मे शत प्रतिशत प्रगति लाने के निर्देश दिये अन्यथा कार्यवाही की जावेगी। साथ ही साविप्र दुकानों से खाद्यान्न वितरण भी गत माह के बराबर 90 प्रतिशत से अधिक करने के निर्देश दिये। किसी भी स्थिति पर खाधान्न लेप्स ना होवें इस बात का विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए ।

---

## बड़वानी में जागरूकता अभियान चलाया गया

**राष्ट्रीय हिन्दी मेल बड़वानी।**



सेंधवा के ग्राम नवलपुरा डावर फलिया में डेंगू पॉजिटिव मरीज के घर के आसपास डेंगू नियंत्रण की गतिविधियों का आयोजन जिला मलेरिया अधिकारी अब्दुल वसीम शेख के निर्देशन में जिला मलेरिया सलाहकार किरतसिंह कवचे, मलेरिया निरीक्षक मंशाराम वर्मा, सादिक अली, एमपीडब्ल्यू व राघवेंद्र कौरव फील्ड वर्कर व आशा कार्यकर्ता एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ता के द्वारा डेंगू प्रभावित क्षेत्र में रेपिड फीवर सर्वे, लार्वा सर्वे लार्वा नष्टीकरण, स्पेस स्प्रे जागरूकता अभियान आदि गतिविधि की गई।

डेंगू की रोकथाम हेतु जनसमुदाय से चर्चा कर बताया कि डेंगू बुखार संक्रमित एडिज मच्छर के काटने से होता हैं ये मच्छर साफ पानी में पनपते हैं तथा ये मच्छर दिन के समय काटता हैं, इसलिए हमें अपने घर एवं घरों के बाहर साफ- सफाई का विशेष ध्यान रखना चाहिए । साथ ही प्रति सात दिवस में हमें पानी के बर्तनो कूलर, टंकी इत्यादि को साफ करके पानी भरना चाहिए तथा जहाँ से पानी की निकासी सम्भव नहीं हो । उस स्थान पर जला हुआ इंजन आयल या केरोसिन व घर में सात दिनों से अधिक रखें स्टोरेज पानी में खाने वाला आयल डालें आदि जानकारी दी गई व बताया कि हमारी जागरूकता से ही हम डेंगू से बच सकते है।

वेक्टर जनित रोगों की सतत निंगरानी रखने से बीमारियों को नियंत्रित किया जा सकता हैं, वेक्टर जनित बीमारियों के उन्मूलन के बारे चर्चा की गई मच्छरों से बचने के अन्य उपाय जैसे मच्छरों को भगाने वाली क्रीम का शरीर के खुले स्थान पर लेप करें तथा रात को सोने से पहले नीम की पत्तियों धुँआ करे, पूरी अस्तिन के कपड़े पहने व रात में सोते मच्छरदानी का उपयोग करें तथा साथ ही ये भी बताया गया हैं कि यदि किसी व्यक्ति को डेंगू, चिकुनगुनिया जैसे लक्षण दिखाई दे तो तत्काल शासकीय स्वास्थ्य संस्थाओं में डॉ. की सलाह ले।

## सेवा पखवाड़ा अंतर्गत रक्तदान शिविर का हुआ आयोजन

**राष्ट्रीय हिन्दी मेल खरगोन।**




प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मोत्सव एवं स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान अंतर्गत 17 सितंबर से 2 अक्टूबर 2025 तक सेवा पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में 30 सितंबर को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोगावां में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर का शुभारंभ सरिता बापना द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। सर्वप्रथम राजेंद्र पाटीदार एवं अजय राठौड़ द्वारा रक्तदान कर शिविर की शुरुआत की गई। शिविर में स्वास्थ्य विभाग एवं अन्य विभागों के साथ-साथ ग्रामीणों द्वारा भी स्वैच्छिक रक्तदान किया गया, जिसमें कुल 15 यूनिट रक्तदान हुआ।

इस अवसर पर बीएमओ डॉ. आसाराम खर्ते, डॉ. आयुषी सोनी, डॉ. रिदम देशपांडे एवं स्टाफ से सीएचओ ओमप्रकाश मंडलोई, संदीप गुप्ता, निशा सिनोदिया, एएनएम हीरालाल जमरे एवं राहुल कुमरावत द्वारा रक्तदान किया गया। रक्तदान पश्चात सभी को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। बीएमओ डॉ. खर्ते ने बताया कि रक्तदान सभी नागरिकों को करना चाहिए। रक्तदान से जरूरतमंदों का जीवन बचाया जा सकता है। इस अवसर पर जनपद सीईओ सुश्री शिवानी वर्मा, उदय पाटीदार, नितेश जाधव, ताराचंद्र भालसे, डॉ. अहमद रजा खान, परसराम क्षेत्रे, अशीष पवार, जितेंद्र पाटीदार, अमित शुक्ला, शारदा पीपलदे एवं समस्त स्टाफ का सहयोग रहा।

---

#### भावांतर योजना का लाभ वास्तविक किसानों को ही मिले कलेक्टर

## सोयाबीन उत्पादकों को मिलेगा 5328 रुपये प्रति क्विंटल समर्थन मूल्य का लाभ

**राष्ट्रीय हिन्दी मेल खरगोन।**



कलेक्टर सुश्री भव्या मित्तल ने सोमवार को कलेक्ट्रेट कक्ष से वी.सी. के माध्यम से भावांतर योजना के बेहतर क्रियांवयन के संबंध में समीक्षा की। इस दौरान एडीएम श्रीमती रेखा राठौर, सीईओ जिला पंचायत श्री आकाश सिंह सहित कृषि एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। साथ ही वी.सी. के माध्यम से एसडीएम जुड़े। कलेक्टर ने एसडीएम को निर्देश दिए कि सोयाबीन उत्पादक किसानों के लिए म.प्र. सरकार द्वारा भावांतर भुगतान योजना शुरू की गई है। जिसका क्रियान्वयन सही ढंग से हो और किसानों को लाभ मिले। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि किसानों की फसल मंडियों में किसान ही बेंचे, कोई भी व्यापारी किसानों के नाम पर फसल न बेचें। कलेक्टर ने एसडीएम को ब्लॉक स्तर पर जनप्रतिनिधियों, मंडी सचिवों, कृषि, मार्कफेड, नान आदि अधिकारियों, किसान संगठनों एवं लाइसेंसी व्यापारियों के साथ बैठक करने के निर्देश दिए। साथ ही योजना का पंचायत स्तर पर प्रचार प्रसार कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहां इस योजना के लाभ की जानकारी देने के लिए शासकीय कार्यालय, पंचायत भवनों आदि में पेम्पलेट चस्पा कराएं। इस योजना में 03 अक्टूबर से उपार्जन पंजीयन एवं 24 अक्टूबर से सोयाबीन फसल खरीदी होगी। उन्होंने कहां किसानों के रकबे का सत्यापन राजस्व विभाग की टीम करेगी और हर मंडी के लिए नोडल अधिकारी भारसाधक अधिकारी एवं नोडल एसडीएम रहेगे। उन्होंने योजना की निरंतर समीक्षा करने के निर्देश देते हुए कहां कि वास्तविक किसानों को ही योजना का लाभ मिले, व्यापारियों को नहीं। सोयाबीन का उत्पादन करने वाले किसानों को फसल विक्रय करने पर 5328 रुपये प्रति क्विंटल समर्थन मूल्य का लाभ मिलेगा। कलेक्टर ने कहा जिस क्षेत्र में सोयाबीन की पैदावार अधिक है वहां विशेष फोकस कर योजना के लाभ से किसानों को अवगत कराएं। पारदर्शिता के लिए मंडियों में व्यापारियों को बोली लगाने के निर्देश दिए। साथ ही पूरी खरीदी की वीडियोग्राफी कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा एफएक्यू ग्रेड की सोयाबीन खरीदते समय मापदंडों का पालन सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने मंडीवार नोडल अधिकारी एवं समिति का गठन करने के निर्देश दिए।

कम दर पर बिके लॉट की जांच व्यवस्था पिछले दिन के मॉडल रेट की तुलना में जो लॉट कम दर पर बिके हों, उनका नमूना संरक्षित किया जाए और यह जांच की जाए कि वह लॉट एफएक्यू ग्रेड का है या नहीं प्रत्येक मंडी में इसके लिए एक स्थायी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

### आधार प्रमाणीकरण व ई-केवाईसी सेवाएँ अस्थायी रूप से बंद रहेंगी

**खरगोन।** समग्र पोर्टल से जुड़ी नागरिक सेवाओं के उपयोगकर्ताओं के लिए महत्वपूर्ण सूचना जारी की गई है। आगामी 3 अक्टूबर 2025 को शाम 7 बजे से 5 अक्टूबर 2025 को शाम 7 बजे तक पोर्टल की परिचय (प्रमाणीकरण एवं ई-केवाईसी सेवाएँ) उपलब्ध नहीं रहेंगी।

इस अवधि में आधार प्रमाणीकरण एवं आधार ई-केवाईसी से संबंधित कार्य अस्थायी रूप से बंद रहेंगे। इसके साथ ही समग्र पोर्टल पर आधारित नागरिक सेवाएँ तथा एसपीआर पोर्टल की आधार आधारित प्रमाणीकरण सेवाएँ भी प्रभावित होंगी। इस अवधि में आय प्रमाण पत्र एवं निवासी प्रमाण पत्र जैसे दस्तावेज जारी नहीं हो सकेंगे।

## घर लौटते ही शेर की तरह दहाड़े तिलक

# देश के लिए जान भी दे दूंगा...

**राष्ट्रीय हिन्दी मेल नई दिल्ली।**

एशिया कप फाइनल में भारत की जीत के हीरो रहे मध्यक्रम के बल्लेबाज तिलक वर्मा ने कहा कि पाकिस्तानी खिलाड़ियों की छींटाकशी और आक्रामकता का सर्वश्रेष्ठ जवाब खिताब जीतना ही था और उन्होंने शुरुआत में बने दबाव से सहज पार पा लिया था। तिलक के नाबाद 69 रन की मदद से भारत ने दुबई में रविवार को खेले गए फाइनल में 5 विकेट से जीत दर्ज की।




तिलक ने दुबई से कल रात यहां पहुंचने के बाद कहा, 'शुरुआत में कुछ दबाव और तनाव था लेकिन मैने सबसे ऊपर अपने देश को रखा और मैं देश के लिये जीतना चाहता था। मुझे पता था कि दबाव के आगे घुटने टेक दूंगा तो अपने आप को और देश के 140 करोड़ लोगों को निराश करूंगा।' उन्होंने कहा, 'मैंने बेसिक्स पर भरोसा रखा जो मैंने शुरुआती दिनों में अपने कोचों से सीखे थे और उसका अनुसरण किया। उन्हें सबसे सही जवाब यही था कि हम एशिया कप जीत जाएं और हमने वही किया।'

### बल्ले से देना था जवाब

तिलक ने स्वीकार किया कि पाकिस्तानी खिलाड़ियों ने मैच में जमकर छींटाकशी की लेकिन उन्होंने खामोश रहना पसंद किया। उन्होंने कहा, 'आपरेशन सिंदूर के बाद वे हमारे खिलाफ काफी आक्रामक हो गए थे। हमने उन्हें खेल को जिस तरीके से खेला जाना चाहिए, वैसे ही खेलकर जवाब दिया।' उन्होंने कहा, 'हमने तीन विकेट जल्दी गंवा दिए थे और माहौल काफी गर्म हो गया था। मैं जल्दी बल्लेबाजी करने आ गया लेकिन मैंने किसी को कुछ नहीं कहा और ना ही कोई खराब शॉट खेलकर टीम और देश को निराश किया।' उन्होंने कहा कि एक बार भारत जीत गया तो उन्होंने पाकिस्तानी खिलाड़ियों को जवाब दिया। उन्होंने कहा, 'मैच के दौरान मेरा फोकस बेसिक्स पर था और मैं उन्हें जवाब नहीं देना चाहता था।

मुझे जो कुछ कहना था, वह मैंने मैच के बाद कहा। मैच में बहुत कुछ चल रहा था जो मैं बता नहीं सकता। भारत और पाकिस्तान के मैचों में यह होता है लेकिन हमारा फोकस मैच जीतने पर था।' भारत को आखिरी ओवर में दस रन चाहिये थे और तिलक ने कहा कि वह तब तक दबाव से ऊपर उठ चुके थे। उन्होंने कहा, 'मुझ पर आखिरी ओवर में दबाव नहीं था। मुझे पता था कि मैं मैच जिता दूंगा। मैं अपने देश के बारे में ही सोच रहा था और गेंद दर गेंद रणनीति बना रहा था। मुझे गर्व है कि मैं यह कर सका। वक्त आने पर मैं देश के लिए जान भी दे सकता हूं।' तिलक ने इस पारी को अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ पारियों में से एक बताया। उन्होंने कहा, 'मैं इसे सर्वश्रेष्ठ पारियों में से एक कहूंगा। इसके अलावा इंग्लैंड के खिलाफ चेन्नई में मैने नाबाद 72 रन बनाए थे जो बेहतरीन पारी थी।

एशिया कप खेलना और पाकिस्तान के खिलाफ दबाव के हालात में फाइनल खेलना बहुत अच्छा अहसास था। मैं इस पारी को अपनी सर्वश्रेष्ठ पारी कहूंगा।

# राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता में रोशन करेंगे इंदौर का नाम

## कलेक्टर की पहल पर दिव्यांग खिलाड़ियों को मिली विशेष मदद



**राष्ट्रीय हिन्दी मेल इंदौर।**

दिव्यांग खिलाड़ियों को राष्ट्रीय स्तर के खेलों में बेहतर प्रदर्शन के लिए कलेक्टर शिवम वर्मा की पहल पर रेडक्रॉस निधि से विशेष तरह की व्हील चेयर की मदद की गई है। कलेक्टर वर्मा ने आज कलेक्टर कार्यालय में इंदौर के राष्ट्रीय स्तर के 5 दिव्यांग खिलाड़ियों को विशेष तरह की व्हील चेयर वितरित की। उन्होंने खिलाड़ियों से चर्चा की, उनका स्वागत किया और आने वाली प्रतियोगिताओं में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों को हर तरह का सहयोग उपलब्ध कराया जाएगा। वे बेहतर प्रदर्शन करें तथा इंदौर का नाम राष्ट्रीय और विश्व मानचित्र पर अंकित करें।

यह व्हील चेयर दिव्यांग टेबल टेनिस खिलाड़ी अनिल जैन, अजय यादव, पिंकी दुबे, समिना ठाकुर तथा रीना बेगम को दी गई। खिलाड़ी यह व्हील चेयर पाकर बेहद खुश हुए। उन्होंने कहा कि विशेष तरह की इस व्हील चेयर से हमें खेलने में बेहद मदद मिलेगी।

उन्होंने आश्वस्त किया कि प्रतियोगिताओं में अब वे सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेंगे तथा पदक जीतेंगे। उन्होंने बताया कि वे दिव्यांगों के लिए 7 से 12 अक्टूबर तक गोवा में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए जा रहे हैं। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्री गौरव बेनल, जिला पंचायत के सीईओ श्री सिद्धार्थ जैन, सहायता संस्था के डॉ. अनिल भंडारी सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।



**नई दिल्ली।** पुरस्कारों का उद्देश्य न केवल खिलाड़ियों को सम्मानित करना है, बल्कि देश में खेल संस्कृति को बढ़ावा देना और युवा खिलाड़ियों को प्रेरित करना भी है। केंद्रीय युवा मामले एवं खेल मंत्रालय ने 2025 के राष्ट्रीय खेल पुरस्कार के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। मंत्रालय ने सभी पात्र खिलाड़ियों, कोचों और खेल संस्थाओं को आवेदन करने का अवसर दिया है। यह पुरस्कार भारत में खेलों के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले व्यक्तियों और संस्थाओं को सम्मानित करने के लिए दिया जाता है। आवेदन करने के लिए उम्मीदवारों को मंत्रालय द्वारा उपलब्ध डेडिकेटेड पोर्टल पर जाकर फॉर्म भरना होगा। आवेदन की अंतिम तिथि 28 अक्तूबर 2025, रात 11:59 बजे है। राष्ट्रीय खेल पुरस्कार 2025 में चार प्रमुख श्रेणियां शामिल हैं। इन पुरस्कारों का उद्देश्य न केवल खिलाड़ियों को सम्मानित करना है, बल्कि देश में खेल संस्कृति को बढ़ावा देना और युवा खिलाड़ियों को प्रेरित करना भी है।

## व्यापार

# कीमती धातुओं की तेजी अनिश्चितता बढ़ी



**राष्ट्रीय हिन्दी मेल इंदौर।**

विदेशी बाजार के असर से भारतीय सराफा बाजार में भी चांदी में जोरदार उछाल देखा गया। अमेरिका में ब्याज दरों में कटौती की उम्मीद और नरम पड़ रहे डालर के चलते विदेशी निवेशकों का रुझान सोने में बना हुआ है।

चीन और अन्य कुछ देशों की केंद्रीय बैंक भी सोना खरीद रही है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा दवाओं पर टैरिफ लगाने से भी अंतरराष्ट्रीय अर्थजगत में अनिश्चितता बढ़ रही है जो सोने की तेजी को बढ़ावा दे रही है। चांदी में तेजी वाले भाव पर डिलीवरी नहीं मिल रही है।

नकद में चांदी खरीद पर अब व्यापारी दशहरे के बाद का समय दे रहे हैं। जानकार बता रहे हैं कि आयातकों को भी उम्मीद नहीं थी कि चांदी ऐसी तेजी पकड़ेगी और देशी निवेशक सोने की बजाय चांदी में पैसा लगाने में अधिक रुचि लेंगे। इसके चलते अब आयातकों के पास मांग के अनुरुप माल ही उपबलब्ध नहीं है। इसी तरह सोने में भी तेजी का सिलसिला जारी रहा। अंतरराष्ट्रीय बुलियन मार्केट में सोमवार को सोना 3770 डालर प्रति औंस के भाव पर पहुंच गया। कामेक्स पर सोना 3814 डॉलर प्रति औंस व चांदी 4671 सेंट की ऊंचाई पर है।

**इंदौर सराफा**–सोना केडबरी रवा नकद 119000, आरटीजीएस 118500 रुपए, सोना 22 कैरेट (जीएसटी सहित) 107000 रुपए प्रति दस ग्राम, चांदी नकद 146800, आरटीजीएस 146400 और टंच 146900 रुपए प्रति किलो। चांदी का सिक्का 1680 रुपए प्रति नग।

**उज्जैन सराफा**–सोना केडबरी 119100 और रवा 119000 रुपए प्रति दस ग्राम। चांदी पाट 148000, टंच 147800 रुपए प्रति किलो। सिक्का 1600 रु. नग।

# मिलों ने चना एवं तुवरदाल के दाम बढ़ाए

**राष्ट्रीय हिन्दी मेल इंदौर।**

इंदौर। दालों में त्यौहारी ग्राहकी पूछपरख बढने लगी है। खासकर तुवर और चनादाल में ज्यादा मांग है। बढ़ती लोकल व बाहरी मांग को देखते हुए मिलों ने तुवरदाल और चना दाल के दामों में 100-200 रुपए क्विंटल की बढ़ौतरी की है, जबकि चने के भावों में मंदी का रुख बना हुआ है। देसी और आयातीत चने की भरपूर उपलब्धि केकारण चने की तेजी को समर्थन नहीं मिल रहा है। यहीं हाल तुवर का भी है। अन्य दलहनों में भी सीमित व्यापार की वजह से खास तेजी-मंदी नहीं है। ज्यादातर दलहनों के भाव कई दिनों से स्थिर पड़े हैं।

दलहन–चना कांटा 5900 डंकी चना 5200-5500 विशाल 5650, काबुली चना 9000-9300, काबुली चना रशियन 5700-5800, बिटकी 5200-5400, मसूर 6100, तुवर महाराष्ट्र सफेद 6500, महाराष्ट्र लाल 6600-6700, कर्नाटक 6700-6800 तुवर निमाड़ी 6000-6500 मूंग बेस्ट नया 7900-8100, एवरेज 6500-6700, मोगर 6000-6500, उड़द नया गर्मी 6800-7500, उड़द बोल्ड 7400-7700, एवरेज 6200-6700, हल्का 3000-5000 रुपये क्विंटल।

दालें–चना दाल 7200-7300 मीडियम 7400-7500 बेस्ट 7700-7900 मसूर दाल 7700-7800 बेस्ट 7900-8000 मूंग दाल 9200-9300 बेस्ट 9600-9800 मोगर 9100-9200 बेस्ट 9500-9700 तुवर दाल 6700-6900 मीडियम 7900-8100 बेस्ट 8500-8600 ए. बेस्ट 9400-9600, ब्रांडेड तुवर दाल नई 10100 उड़द दाल 8700-8800 बेस्ट 8900-9100 उड़द मोगर 9800-10000 बेस्ट 10100-10200 रुपये प्रति क्विंटल।

# सोया रिफाइंड तेल की मांग बढ़ी



**राष्ट्रीय हिन्दी मेल इंदौर।**

खाद्य तेल–मूंगफली तेल इंदौर 1310-1330, मुंबई 1340, इंदौर सोया रिफाइंड 1250-1255 सोया साल्वेंट 1180-1185 इंदौर पाम 1330, मुंबई सोया रिफाइंड 1270, मुंबई पाम 1265 राजकोट तेलिया 2100, गुजरात लूज 1275-1290, कपास्या तेल इंदौर 1230 रुपए प्रति दस किलो।

**तिलहन**– सरसो निमाड़ी(बारीक) 7000, रायडा 6600, सोयाबीन 4350 टोली 4400-4600 रु. प्रति क्विंटल।

**कपास्या खली**– (60 किलो भरती) इंदौर 2550, देवास 2550, उज्जैन 2550, खंडवा 2525, बुरहानपुर 2525, अकोला 3800 रुपए।



# सीएम डॉ. यादव बोले- प्रभारी मंत्री अपने जिलों में करें योजनाओं की समीक्षा

**राष्ट्रीय हिन्दी मेल भोपाल।**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रदेश में चल रही विकास गतिविधियों और जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर देते हुए कहा है कि प्रभारी मंत्री अपने प्रभार के जिलों में नियमित रूप से समीक्षा करें। उन्होंने निर्देश दिए कि जनसमस्याओं का निराकरण प्राथमिकता के आधार पर किया जाए ताकि आम नागरिकों को योजनाओं का सीधा लाभ मिल सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार की सभी योजनाएं तभी सार्थक होंगी जब उनका लाभ जमीन स्तर पर समय पर और पारदर्शिता के साथ पहुंचे। प्रभारी मंत्रियों की जिम्मेदारी है कि वे जिलों का दौरा कर प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बैठक लें और यह



सुनिश्चित करें कि योजनाओं का क्रियान्वयन प्रभावी ढंग से हो।

डॉ. यादव ने जानकारी दी कि अक्टूबर माह में राज्य स्तर पर कलेक्टर-कमिश्नर कॉन्फ्रेंस आयोजित की जाएगी। इस सम्मेलन में सभी मंत्रीगण, संभागीय आयुक्त, कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक, आईजी, विभाग प्रमुख और सचिवालयीन अधिकारी शामिल होंगे। इस बड़े सम्मेलन का उद्देश्य आगामी वर्ष की विकास कार्ययोजना पर विचार-विमर्श करना और प्राथमिकताओं को तय करना है। मुख्यमंत्री ने सभी कमिश्नर और कलेक्टरों को निर्देशित किया कि वे कॉन्फ्रेंस से पहले अपने-अपने क्षेत्रों की विकास कार्ययोजना तैयार कर लें। इसमें शिक्षा, स्वास्थ्य, बुनियादी ढांचा, महिला एवं बाल विकास, उद्योग और कृषि जैसे क्षेत्रों को विशेष महत्व दिया जाए। उन्होंने कहा कि योजनाओं के क्रियान्वयन की प्रगति और आने वाली चुनौतियों पर चर्चा से प्रदेश के विकास की रफ्तार और तेज होगी।

## जमीन के नामांतरण के लिए बाबू ने मांगे 50 हजार, लोकायुक्त पुलिस ने रंगे हाथों पकड़ा

**राष्ट्रीय हिन्दी मेल इंदौर।**

दल ने मंगलवार को बाबू नरवरिया को पकड़ने के लिए जाल बिछाया। फरियादी पचास हजार रुपये के नोटों की गड्डी लेकर तहसील कार्यालय में गया। उसने बाबू को पैसे दिए। बाबू ने नामांतरण जल्दी करने का भरोसा दिलाकर रुपये दराज में रख लिए।

इंदौर में लोकायुक्त एक और रिश्वतखोर बाबू को गिरफ्तार किया है। उसने एक किसान से जमीन के नामांतरण के एवज में पचास हजार रुपये मांगे थे। लोकायुक्त टीम ने जब बाबू को पकड़ा तो वह खुद को निर्दोष बताने लगा और बोला की मैने रुपये नहीं मांगे, बाद में वह रोनी सूरत बनाने लगा। पुलिस ने भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत उसे गिरफ्तार किया है। इस मामले में नायब तहसीलदार दयाराम निगम को भी आरोपी बनाया गया है। उसकी सहमति से ही बाबू ने पचास हजार रुपये की रिश्वत मांगी थी।

मामला खुडैल के तहसील कार्यालय का है। शिकायतकर्ता के पास सारे दस्तावेज थे, लेकिन नामांतरण के लिए वह लगातार चक्कर काट रहा था। जब वह बाबू नरेंद्र नरवरिया से मिला तो उसने कहा कि इसके लिए पैसा चुकाना होगा। उसके बाद ही नामांतरण होगा। उसने रिश्वत में पचास हजार रुपये मांगे। फरियादी ने लोकायुक्त पुलिस को शिकायत



की। दल ने मंगलवार को बाबू नरवरिया को पकड़ने के लिए जाल बिछाया। फरियादी पचास हजार रुपये के नोटों की गड्डी लेकर तहसील कार्यालय में गया। उसने बाबू को पैसे दिए। बाबू ने नामांतरण जल्दी करने का भरोसा दिलाकर रुपये दराज में रख लिए। इसके बाद लोकायुक्त का दल कार्यालय पहुंचा और बाबू की दराज से रिश्वत के पैसे जब्त कर लिए और उसे गिरफ्तार कर लिया।

निलंबन के बावजूद तहसील में ही बैठता था रिश्वतखोर बाबू दो साल पहले एक ही रसीद पर कई नकल निकालने के मामले में नरेंद्र नरवरिया को तत्कालीन कलेक्टर इलैया राजा ने निलंबित किया था। तब उसे कनाड़िया में अटैच किया गया था, लेकिन वह खुडैल तहसील में ही बैठकर काम संभालता था।

## रैगिंग कांड में सनसनीखेज खुलासा

**इंदौर।** देवी अहिल्या विश्वविद्यालय (DAVV) के प्रतिष्ठित इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (IET) में हुए रैगिंग मामले में एंटी रैगिंग कमेटी ने अपनी जांच रिपोर्ट सौंप दी है। रिपोर्ट में चौंकाने वाले खुलासे हुए हैं, जिनके अनुसार, सीनियर छात्रों ने फर्स्ट ईयर के विद्यार्थियों पर नेपाल के चर्चित जेन-जी प्रोटेस्ट की तर्ज पर विश्वविद्यालय में आंदोलन खड़ा करने का दबाव बनाया था। डीएवीवी के कुलपति प्रोफेसर राकेश सिंघई ने बताया कि रिपोर्ट में जो बातें सामने आई हैं उन्हें देखने के बाद अब दोषी छात्रों पर कार्रवाई की जाएगी। जांच में यह बात सामने आई है कि सीनियर छात्रों ने नए विद्यार्थियों को डरा-धमकाकर फर्जी ईमेल और ट्विटर अकाउंट बनाने के लिए मजबूर किया। छात्रों को सीनियर्स के संदेशों को रीट्वीट करने और विशेष हैशटैग को वायरल करने का काम सौंपा गया था।

## 84 लाख से चौड़े होंगे अंडरपास के लेफ्ट टर्न, बायपास पर कम होगा ट्रैफिक जाम

**राष्ट्रीय हिन्दी मेल इंदौर।**

इंदौर नगर निगम शहर के बायपास पर ट्रैफिक जाम की गंभीर समस्या को हल करने के लिए कनाड़िया और पीपल्याहाना अंडरपास के लेफ्ट टर्न को चौड़ा करेगा। इस परियोजना पर कुल 84.53 लाख खर्च होंगे। शहर के बायपास पर कनाड़िया और पीपल्याहाना अंडरपास पर लगने वाले दैनिक ट्रैफिक जाम से जनता को जल्द ही राहत मिलने वाली है। नगर निगम ने इन दोनों प्रमुख जंक्शनों पर लेफ्ट टर्न को चौड़ा करने की योजना को मंजूरी दे दी है, जिस पर लगभग ?84.53 लाख की लागत आएगी। इस प्रोजेक्ट का लक्ष्य ट्रैफिक प्रवाह को सुगम बनाना और हजारों वाहन चालकों का समय और ईंधन बचाना है।



### पीक ऑवर्स में होती है सबसे ज्यादा परेशानी

कनाड़िया रोड और पीपल्याहाना-बिचौली मर्दाना रोड को बायपास से जोड़ने वाले अंडरपास लंबे समय से ट्रैफिक जाम का मुख्य कारण बने हुए हैं। इन अंडरपास से सटी सर्विस रोड की लेन संकरी होने के कारण, सुबह और शाम के पीक ऑवर्स में स्थिति और भी गंभीर हो जाती है। स्कूलों की छुट्टी के समय यहां वाहनों की लंबी कतारें लग जाती हैं, जिससे वाहन चालकों को रोजाना 10 से 15 मिनट तक जाम में फंसे रहना पड़ता है।

### क्या है निगम की योजना?

इस समस्या के स्थायी समाधान के लिए नगर निगम ने दोनों अंडरपास के लेफ्ट टर्न को चौड़ा करने का निर्णय लिया है। अधिकारियों के अनुसार, इस प्रोजेक्ट को एक साल के भीतर पूरा करने का लक्ष्य है, जिसके बाद वाहनों की रफ्तार बनी रहेगी और ट्रैफिक का दबाव समान रूप से बंट जाएगा।

### शहर के महत्वपूर्ण एंट्री-एग्जिट पॉइंट

यह दोनों अंडरपास शहर के लिए रणनीतिक रूप से अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। कनाड़िया बायपास पूर्वी और पश्चिमी क्षेत्रों को जोड़ता है, जबकि पीपल्याहाना अंडरपास शहर को बिचौली मर्दाना और आसपास की 350 से ज्यादा कॉलोनियों से जोड़ता है। यह देवास, भोपाल, खंडवा और मुंबई आने-जाने वाले एक लाख से अधिक वाहनों के लिए मुख्य मार्ग भी है, जिस कारण यहां हमेशा ट्रैफिक का भारी दबाव रहता है।

## दिवाली बाद 17 किलोमीटर तक मेट्रो ट्रेन का ट्रायल रन

**इंदौर।** इंदौर में मेट्रो ट्रेन का ट्रायल रन अब तक 13 किलोमीटर का हो चुका है। कुल 17 किलोमीटर तक इसका ट्रायल रन रेडिसन चौराहे तक होगा। दीपावली के बाद यह ट्रायल किया जाएगा, लेकिन इसके संचालन में अभी समय लगेगा, क्योंकि मेट्रो के स्टेशन अभी पूरी तरह तैयार नहीं हुए हैं। ये खबर भी पढ़ें- द्वठ्ठस्रश्चद्द ह्द्व2ह्य- इंदौर प्राणी संग्रहालय में शिमोगा से आईं चार जंगली भैंस, मुख्यमंत्री देखने पहुंचे नए मेहमानों को अफसरों की प्राथमिकता चंद्रगुप्त मौर्य प्रतिमा स्टेशन, सुखलिया ग्राम स्टेशन, विजय नगर और रेडिसन चौराहा स्टेशन बनाने की है।

## पाथ ग्रुप पर ईडी का छापा, मनी लॉन्ड्रिंग की आशंका में दस्तावेज जब्त

**राष्ट्रीय हिन्दी मेल इंदौर।**

अफसरों को यह अंदेशा है कि अनिल अंबानी की एक कंपनी का पाथ ग्रुप के साथ कुछ निर्माण कार्यों में समझौता है। पाथ इंडिया ने इंदौर में एमआर-10 ब्रिज, मल्टीलेवल पार्किंग, इंदौर-खलघाट, इंदौर-मंडलेश्वर मार्ग सहित कई काम किए है। देश के कई प्रमुख राष्ट्रीय राजमार्गों व ब्रिजों के निर्माण का ठेका लेने वाले पाथ इंडिया ग्रुप पर मंगलवार को ईडी की टीम ने छापा मारा है। अलग-अलग ठिकानों पर मारे गए छापे में पुलिस को हवाला और मनी लॉड्रिंग के सोर्स मिले हैं। इसके लिए टीम नें दस्तावेजों के अलावा लैपटॉप व अन्य डिजिटल उपकरणों को जब्त किया है।

इस ग्रुप का मुख्यालय महू में है। सुबह अलग-अलग गाड़ियों में टीम मुख्यालय के अलावा ग्रुप के डायरेक्टरों के घर एक साथ पहुंची और दस्तावेज जब्त किए। इस कंपनी के एमडी नितिन अग्रवाल हैं। इसके अलावा नीति अग्रवाल, सक्षम, निपुण व संतोष अग्रवाल डायरेक्टर हैं। इस छापे को अनिल



अंबानी के लोन घोटाले की जांच से जोड़कर भी देखा जा रहा है।

अफसरों को यह अंदेशा है कि अनिल अंबानी की एक कंपनी का पाथ ग्रुप के साथ कुछ निर्माण कार्यों में समझौता है। पाथ इंडिया ने इंदौर में एमआर-10 ब्रिज, मल्टीलेवल पार्किंग, इंदौर-खलघाट, इंदौर-मंडलेश्वर मार्ग सहित कई काम किए है। इस ग्रुप पर दस साल पहले आयकर छापा मारा गया था, तब भी टैक्स चोरी का मामला सामने आया था। मंगलवार सुबह से जारी सर्चिंग दोपहर तक जारी रही।

